वर्ष : 33 | अंक : 231 | पृष्ठ : 8 | मुंबई, गुरुवार, 7 नवंबर 2024 | RNI: MAHHIN/49994/91 | मूल्य : 3 रुपए | epaper.dobajedopahar.com | संपादक : अरुण लाल

DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर




# चुनावी वादों का पिटारा

## राहुल ने महाविकास अघाड़ी की 5 गारंटी दी

- महिलाओं को हर महीने 3 हजार, युवाओं को 4 हजार
- जातिगत जनगणना का वादा



**अमित बृज | मुंबई/नागपुर**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार शुरू किया। उन्होंने मुंबई में संविधान सम्मान सभा में महाविकास अघाड़ी की पांच गारंटी बताईं। इसमें महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपए, युवाओं के लिए हर महीने 4 हजार रुपए की मदद, किसानों का 3 लाख रुपए तक का कर्जा माफ करना शामिल है। इससे पहले उन्होंने नागपुर में कहा कि देश में जाति जनगणना होगी और इससे दलितों, ओबीसी और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। उन्होंने कहा कि सभी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी शक्ति है और हमारी भूमिका क्या है। हम 50% (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे। कांग्रेस महाविकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव लड़ रही है। उसने 103 सीटों पर अपने उम्मीदवारों को उतारा है।

### महाराष्ट्र के लिए महाविकास आघाडी की 5 गारंटी

1. महालक्ष्मी
   - महिलाओं को हर महीने 3,000 रुपए
   - महिलाओं के लिए फ्री बस सेवा
2. युवकांना शब्द
   - बेरोजगारों को हर महीने 4,000 की मदद
3. समानतेची हमी
   - जातिगत जनगणना होगी
   - 50% आरक्षण की सीमा हटाएंगे
4. कुटुंब रक्षण
   - 25 लाख रुपए तक स्वास्थ्य बीमा
   - मुफ्त दवा
5. कृषि समृद्धि
   - किसानों का 3 लाख रुपए तक कर्ज माफ
   - नियमित ऋण भुगतान के लिए 50,000 रुपए का प्रोत्साहन

## एनसीपी का महाराष्ट्रवादी घोषणापत्र

- अजित पवार ने बारामती में जारी किया एनसीपी का घोषणापत्र
- मुंबई में सुनील तटकरे ने रिलीज किया पार्टी का मेनिफेस्टो
- एनसीपी ने कुल 11 वादे किए



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों के लिए अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) ने घोषणापत्र जारी किया है। इसमें एनसीपी ने कुल 11 वादे किए हैं। इनमें सबसे बड़ा वादा है कि लाडली बहन योजना की लाभार्थी महिलाओं को चुनाव जीतकर आने पर 1500 रुपए की जगह पर 2100 रुपए दिए जाएंगे। गुरुवार को डिप्टी सीएम अजित पवार ने बारामती से और प्रदेश अध्यक्ष सुनील तटकरे ने मुंबई में घोषणापत्र जारी किया। एनसीपी ने अपने घोषणापत्र में धान किसानों के लिए प्रति हेक्टेयर 25 हजार का बोनस, ढाई लाख नौकरियां, ग्रामीण क्षेत्रों में 45 हजार संपर्क सड़कों का निर्माण का वादा किया है।

### 100 दिनों आएगा महाराष्ट्र विजन

एक दिन पहले शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे ने लाडली बहन योजना की राशि 2100 रुपए करने का ऐलान किया था। महाराष्ट्र में लाडली बहन योजना का ऐलान बतौर वित्त मंत्री अजित पवार ने ही किया था। महायुति को उम्मीद है कि लाडली बहन योजना चुनावों में गेमचेंजर साबित हो सकती है। अजित पवार ने बारामती में राज्य का घोषणा पत्र जारी किया। राष्ट्रवादी कांग्रेस ने पहली बार निर्वाचन क्षेत्रों के अनुसार पार्टी का घोषणा पत्र जारी किया है। इस मौके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अजित पवार ने कहा कि सरकार बनने के बाद 100 दिनों में नया महाराष्ट्र का विज़न घोषित किया जाएगा।

### अजित पवार के वादे?

एनसीपी ने एक लाख छात्रों को प्रशिक्षण देकर 10 हजार मासिक स्टाइपेंड देने का वादा किया गया है। आंगनवाड़ी और आशा वर्कर्स को 15 हजार का मासिक वेतन, सौर और अक्षय ऊर्जा को प्राथमिकता देते हुए बिजली बिल में 30 फीसदी की कटौती की जाएगी। एनसीपी ने कहा है कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतों पर नियंत्रण, वृद्ध पेंशन धारकों को मासिक 2100 रुपए जैसी घोषणाएं भी की हैं। राष्ट्रवादी कांग्रेस द्वारा लगभग 36 पन्नों का घोषणा पत्र जारी किया गया है और इसके कवर पेज पर 'महाराष्ट्रवादी घोषणापत्र' लिखा गया है।




### न्यूज़ ब्रीफ

## महाराष्ट्र-झारखंड में 558 करोड़ हुए जब्त

**मुंबई/रांची।** झारखंड और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की तैयारी जोरों से चल रही है। इसके साथ ही चुनाव आयोग की एजेंसियां कड़ी निगरानी भी रख रही हैं। इस चुनाव में चुनाव आयोग की एजेंसी ने 2019 की तुलना में तीन गुना अधिक की जब्ती की है। चुनाव आयोग की एजेंसियों ने महाराष्ट्र में 280 करोड़ रुपए और झारखंड में 158 करोड़ रुपए जब्त किए हैं। एजेंसियों द्वारा 558 करोड़ रुपए की नकदी के साथ शराब, ड्रग्स और कीमती धातुएं भी जब्त की गई है। दोनों चुनावी राज्यों में संयुक्त जब्ती साल 2019 के विधानसभा चुनाव की तुलना में 3.5 गुना अधिक है। साल 2019 में महाराष्ट्र में 103.61 करोड़ रुपए और झारखंड में यह 18.76 करोड़ रुपए जब्त किये गये थे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने चुनाव में किसी भी तरह के प्रलोभन को लेकर अगाह किया है और चुनाव आयोग ने अधिकारियों को इस मामले में 'जीरो टॉलरेंस' का पालन करने का आदेश दिया है। चुनाव आयोग ने ड्रग्स, मुफ्त सामान, अवैध शराब, नकदी और आवाजाही पर रोक लगाने के लिए विभिन्न एजेंसियों की संयुक्त टीम का गठन किया गया है।


## 162 करोड़ की हेराफेरी मामला : न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी के पूर्व जीएम को 4 साल की सजा

**मुंबई।** विशेष सीबीआई अदालत ने न्यू इंडिया एश्योरेंस (एनआईए) कंपनी के पूर्व महाप्रबंधक डॉ.आनंद मित्तल को मार्च 2010 से दिसंबर 2014 तक 162 करोड़ रुपए का दुरुपयोग करने के लिए 4 साल के कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने उनके बैंक खाते में जमा 1.30 करोड़ रुपए जब्त करने का भी आदेश दिया है। सीबीआई ने मित्तल पर सितंबर 2016 में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया था। अभियोजन पक्ष के मुताबिक मित्तल को एनआईए की सहायक कंपनी मेसर्स प्रेस्टीज एश्योरेंस पीएलसी (पीए) के एमडी के रूप में नियुक्त किया गया था। 3 मार्च 2010 से 12 दिसंबर 2014 तक के अपने कार्यकाल के दौरान मित्तलने एक आंतरिक ज्ञापन को मंजूरी दी और फर्म से उपहार और पेंशनकी मद में 2 लाख 63 हजार 462.82 डॉलर स्वीकार किए। सीबीआई ने दावा किया कि निदेशक मंडल की मंजूरी के बिना ही राशि निकाली गई और स्वीकार की गई।

# अमेरिका में चला 'ट्रंप कार्ड'

**एजेंसी | वाशिंगटन**

अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव में डोनाल्ड ट्रंप ने बहुमत हासिल कर लिया है। अमेरिका में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ट्रंप पहले राष्ट्रपति बनें हैं जिन्होंने 4 साल के अंतराल पर दोबारा जीत हासिल की है। बता दें कि ट्रंप 2016 में पहली बार अमेरिका के राष्ट्रपति बने थे। इनसे पहले ग्रोवर क्लीवलैंड 2 बार अमेरिका के राष्ट्रपति बन चुके हैं। उन्होंने 4 साल के अंतराल पर 1884 और 1892 के राष्ट्रपति चुनाव में जीत हासिल की थी। ट्रंप, राष्ट्रपति पद की शपथ लेने वाले अमेरिका के इतिहास के सबसे बुजुर्ग राष्ट्रपति होंगे। वह 20 जनवरी को जब ट्रंप राष्ट्रपति पद की शपथ लेंगे तब उनकी उम्र 78 साल 221 दिन हो चुकी होगा।




### कौन था आमेरिका का सबसे युवा राष्ट्रपति?

अमेरिका के सबसे युवा राष्ट्रपति की बात करें तो थिओडोर रूजवेल्ट सबके युवा प्रेसिडेंट थे। साल 1901 में राष्ट्रपति बने थे तब उनकी उम्र 42 साल 322 दिन थी। इसके बाद अमेरिका के दूसरे सबसे युवा राष्ट्रपति जॉन फिट्जगेराल्ड कैनडी थे। उन्होंने 43 साल 236 दिन की उम्र में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। कैनेडी अमेरिका के 35 वें राष्ट्रपति थे। साल 1963 में 22 नवंबर को टेक्सास में उनकी हत्या कर दी गई थी। इसके अलावा, बिल क्लिंटन देश के तीसरे सबसे युवा राष्ट्रपति थे। साल 1993 में जब उन्होंने शपथ लिया था, तो उनकी उम्र 46 वर्ष, 154 दिन थी।

### अमेरिका का सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति कौन?

वर्तमान में अमेरिका के सबसे उम्रदराज राष्ट्रपति जो बाइडन हैं। जब उनका कार्यकाल खत्म होगा, उस समय उनकी उम्र 82 साल होगी। साल 2020 में जब राष्ट्रपति के तौर पर जो बाइडन ने शपथ ली थी, तब उनकी आयु 78 साल 61 दिन थी। वहीं, जो बाइडन से पहले ट्रंप ने साल 2016 में राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। उस समय उनकी उम्र 70 साल 220 दिन थी।

### बाबा सिद्दीकी हत्याकांड

# एक और गिरफ्तारी

- 12 अक्तूबर बांद्रा में हुई थी राकांपा नेता की हत्या

**धीरज सिंह | मुंबई**

मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बुधवार को महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और राकांपा नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, आरोपी की पहचान गौरव विलास अपुणे (32 वर्षीय) के रूप में हुई है। आरोपी को पुणे से गिरफ्तार किया गया। इस मामले में अब तक कुल 16 लोगों की गिरफ्तारियां हो चुकी हैं। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, अपुण ने अन्य आरोपियो के साथ मिलकर बाबा सिद्दी की हत्या की साजिश रची थी और वह उस गिरोह के संपर्क में था, जिसने सिद्दीकी की हत्या के लिए शटूरों को हायर किया था।



### 12 अक्तूबर को निर्मल नगर में हुई बाबा सिद्दीकी की हत्या

बाबा सिद्दीकी की हत्या 12 अक्तूबर को मुंबई के निर्मल नगर में हुई थी, जब वह अपने बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के पास थे। उन पर तीन हमलावरों ने गोलियां चलाई थीं। इस हत्या की जिम्मेदारी कुख्यात लॉरेंस बिश्नोई गिरोह ने ली थी। मुंबई पुलिस ने पहले कहा था कि हत्या में इस्तेमाल किए गए हथियार राजस्थान से लाए गए थे।

# अजित-शरद पवार को 'सुप्रीम' नसीहत

**एजेंसी | नई दिल्ली**

- वक्त बर्बाद न करें, चुनाव हैं, जाकर वोटरों को लुभाएं : सुको
- NCP सिंबल विवाद पर कोर्ट पहुंचे थे दोनों पक्ष

महाराष्ट्र विधानसभा के पहले नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (NCP) के चुनाव चिह्न घड़ी के विवाद पर सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को अजित पवार की पार्टी को राहत दी। हालांकि अदालत ने अजित और शरद पवार की NCP को नसीहत भी दी। कहा कि वे कोर्ट में अपना समय बर्बाद न करें, बल्कि चुनाव में जाकर वोटरों को लुभाएं। कोर्ट ने अजित गुट से कहा कि अखबारों में 36 घंटे के भीतर डिस्क्लेमर छपवाएं कि घड़ी चुनाव चिह्न का मामला कोर्ट में है।



### शरद पवार गुट ने याचिका लगाई है

चुनाव चिह्न विवाद पर शरद पवार गुट ने याचिका लगाई है। इसमें कहा गया कि अजित गुट अदालत का आदेश नहीं मान रहा, इसलिए उसे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में घड़ी चिह्न के इस्तेमाल से रोका जाए। साथ ही अजित गुट को नए चिह्न के लिए आवेदन करने का निर्देश दें। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले में बीते 24 अक्टूबर को भी सुनवाई हुई थी, जिसमें कोर्ट ने अजित पवार गुट को राहत दी थी। अदालत ने कहा था कि NCP (अजित गुट) आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में घड़ी चिह्न का इस्तेमाल कर सकता है, लेकिन उसे चुनावी बैनर और पोस्टर्स में यह लिखना होगा कि यह विवाद का विषय है और कोर्ट में विचाराधीन है। जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने अजित पवार के वकील को निर्देश दिया था कि अजित गुट नया हलफनामा भी दाखिल करे। साथ ही चेतावनी दी कि यदि आदेश का उल्लंघन किया गया तो वह (कोर्ट) खुद ही अवमानना का केस शुरू करेगी। जस्टिस सूर्यकांत ने अजीत पवार के वकील बलवीर सिंह से कहा था– एक बार जब हमने निर्देश जारी कर दिया तो उसका पालन करना होगा। आप जवाब दाखिल करें और एक नया हलफनामा दें कि अतीत में भी आपने उल्लंघन नहीं किया है और भविष्य में भी आप उल्लंघन नहीं करेंगे। हम उम्मीद करते हैं कि दोनों पक्ष हमारे निर्देशों का पालन करेंगे। अपने लिए शर्मनाक स्थिति न बनाएं।

# राहुल के संविधान में 'कोरे काग़ज़'!

## बीजेपी ने लगाया आरोप



**दीपक पवार | मुंबई**

बीजेपी और कांग्रेस के बीच राजनीतिक बयानबाजी एक नए मुद्दे पर फिर गरमा गई है। राहुल गांधी के हाल ही में 'संविधान की किताब' दिखाने के बाद से बीजेपी ने इसे लेकर निशाना साधा है। बीजेपी प्रवक्ता प्रेम शुक्ला और महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने राहुल पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह संविधान की प्रतिमा नहीं, बल्कि केवल कोरा कागज है, जो 'पाखंड' का प्रतीक है। महाराष्ट्र बीजेपी ने एक्स पर एक वीडियो जारी कर कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उनका लाल संविधान दिखाना वास्तव में "कम्युनिस्ट और अर्बन नक्सल" विचारधारा को बढ़ावा देने का प्रयास है। बीजेपी का दावा है कि जिस किताब को संविधान के रूप में दिखाया गया, असल में उसके अंदर सिर्फ खाली पन्ने थें, इन पन्नों में संविधान से जुड़ी कोई भी सामग्री नहीं थी। वीडियो के साथ ये भी यह भी कहा गया कि कांग्रेस का अपना संविधान भी इसी तरह खोखला होगा।

### क्या बोले प्रवक्ता प्रेम शुक्ला?

मामले में प्रवक्ता प्रेम शुक्ला ने तीखा बयान देते हुए कहा, 'आज राहुल गांधी का पाखंड सामने आ गया है। जिस संविधान की प्रतिमा को वह गर्व से लहरा रहे थे, वह वास्तव में केवल कोरे पन्नों का पुलिंदा था। जैसे उनकी राजनीति में कोई ठोस नींव नहीं है, उसी तरह से यह किताब भी खाली निकली।'

### कोल्हापुर में फडणवीस ने भी बोला हमला

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कोल्हापुर में एक कार्यक्रम के दौरान इस मुद्दे को उठाया और राहुल गांधी पर आरोप लगाया कि उनके चारों ओर "अराजकता फैलाने वाले लोग" हैं। फडणवीस का कहना था कि राहुल गांधी का यह लाल संविधान दिखाना उनके "अर्बन नक्सल मानसिकता" का प्रतीक है। उन्होंने राहुल पर यह भी आरोप लगाया कि वे कांग्रेस में नक्सल विचारधारा को बढ़ावा दे रहे हैं।

दो बजे दोपहर

मुंबई आसपास

## महाराष्ट्र के रण में उतरे योगी

# 'एक हैं तो सेफ हैं'

## बंटोगे तो कटोगे के बाद योगी आदित्यनाथ का नया नारा

**डीबीडी संवाददाता | वाशिम**



यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 'बंटोगे तो कटोगे' के बाद अब नया नारा दिया है। महाराष्ट्र के वाशिम में चुनाव प्रचार के दौरान आदित्यनाथ ने कहा कि अगर हम एक हैं तो नेक हैं और एक हैं तो सेफ (सुरक्षति) हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा, बंटिए मत! क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे। हम 'एक हैं तो नेक हैं, एक हैं तो सेफ हैं।' महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के लिए पहुंचे योगी आदित्यनाथ ने कई सीटों पर रैलियां की। अमरावती में उन्होंने कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज ने औरंगजेब जैसे बर्बर आक्रमणकारी को चुनौती दी थी। जब 2017 में मुझे उत्तर प्रदेश का सीएम बनाया गया, तो मैं आगरा गया। मुझे बताया गया कि वहां एक मुगल संग्रहालय बन रहा है, मैंने कहा कि मुगलों का भारत और आगरा से क्या संबंध है? हमने कहा कि भारत का संबंध छत्रपति शिवाजी महाराज से है। इस संग्रहालय का नाम बदलना चाहिए। मराठों और छत्रपति शिवाजी महाराज का प्रतीक बनें।

### जब भी बंटे थे तो कटे थे

लोगों से अपील करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, छत्रपति शिवाजी महराज ने जिस दुष्ट अफजल को मारा था। उसके नाम पर औरंगाबाद होना चाहिए। इसको बदलना ही चाहिए। इसको संभाजी नगर के रूप में पहचान मिलनी चाहिए। छत्रपति शिवजी महाराज हम सबको एकजुट कर गए थे। छत्रपति महाराज ने जिस एकजुटता का प्रदर्शन करके हिंदवी सम्राज्य की स्थापना की थी, उन्ही की प्रेरणा लेकर मैं बार-बार आपसे कहता हूं "बंटिये मत, क्योंकि जब भी बंटे थे तो कटे थे, एक हैं तो नेक हैं, सेफ हैं, हमें एकजुट रहना है। सीएम योगी ने कहा, हिंदुओं के एक होने पर औरंगजेब जैसा विदेशी आक्रांता भी ना चाहते हुए भी पराजय का मुंह देखने के लिए मजबूर हुआ था। इतिहास सबको यही प्रेरणा दे रहा है। तमाम लोग आकर आपसे कई बात कहेंगे लेकिन मैं एक ही बात कहूंगा। कसिी भी सूरत में बंटना मत।

### सबकी सुनें, लेकिन बंटें नहीं

वाशिम विधानसभा सीट पर प्रचार करते हुए सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा, सत्ताएं तो आएंगी-जाएंगी, लेकिन हमारा 'भारत' रहना चाहिए। 'भारत' दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनना चाहिए। इसमें आपका भी योगदान है। सब मिलकर चलें और देश को आगे बढ़ाने का संकल्प लें। ध्यान रखें, बात सबकी सुननी है, लेकिन बंटना नहीं है।

# पाकिस्तान के श्री रोरी साहिब गुरुद्वारा का दर्शन उल्हासनगर ले सकेंगे भक्त

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

उल्हासनगर के प्रसिद्ध धन गुरु नानक दरबार डेरा संत बाबा थाहरिया सिंह साहिब दरबार द्वारा गुरु नानक देवजी महाराज का 555वां प्रकाश पर्व बड़े उत्साह और भक्तिपूर्ण माहौल में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर 3 से 15 नवंबर तक प्रतिदिन सुबह उल्हासनगर के विभिन्न मार्गों से भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया जा रहा है। इस फेरी में लाखों की संख्या में श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ शामिल हो रहे हैं, जिससे शहर का माहौल पूरी तरह से भक्तिमय हो गया है। गुरु नानक देवजी के 555वें प्रकाश उत्सव के उपलक्ष्य में 15 नवंबर को उल्हासनगर में विश्व का सबसे बड़ा प्रभात फेरी का आयोजन किया जाएगा। इस दिन हजारों भक्त प्रभातफेरी के लिए एकत्रित होते हैं,इन दिन हेलीकॉप्टरों से



विशेष पुष्प वर्षा की जाती है।अल सुबह से संत-महात्मा, गुरुद्वारे के कीर्तनकर्ता और कलाकार भजन-कीर्तन करते हैं। जिससे संगत को आध्यात्मिक शांति और आनंद की अनुभूति होती है।

### उल्हासनगर में हर्षोल्लास का माहौल

गुरु नानक देवजी के 555वें प्रकाश पर्व के अवसर पर उल्हासनगर में हर्षोल्लास का माहौल है। दरबार प्रमुख जसकीरत सिंह भाईसाहब और त्रिलोचन सिंह भाईसाहब ने कहा, ?गुरु नानक देवजी की शिक्षाओं के अनुसार, हमें अपने जीवन को समृद्ध बनाने और मानवता की सेवा करने के लिए इस समारोह में भाग लेना चाहिए।? साथ ही इस प्रकाश पर्व के अवसर पर उल्हासनगर की सभी संगतों से अनुरोध किया गया है कि वे इस समारोह में भाग लें और अपने जीवन में सुख और शांति प्राप्त करें। गुरु नानक देवजी के प्रकाश पर्व के अवसर पर उल्हासनगर में विशेष रूप से साल भर चलने वाली लंगर सेवा का भी आयोजन किया गया है. लाखों श्रद्धालुओं के लिए मुफ्त भोजन सेवा उपलब्ध कराई जाएगी. इस लंगर सेवा के लिए दरबार के सेवादारों ने विशेष तैयारी की है. गुरु नानक देवजी की शिक्षाओं के अनुसार दरबार में सभी को समान रूप से भोजन देने का कार्य किया जाता है, जिससे सभी को संतुष्टि और सेवा मिलती है।

### पाकिस्तान के प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रोरी साहिब के दर्शन

प्रकाश पर्व के अवसर पर, उल्हासनगर के थाहरिया सिंह साहिब दरबार ने पाकिस्तान में प्रसिद्ध गुरुद्वारा श्री रोरी साहिब का झांकी का निर्माण किया है। इस गुरुद्वारा के दर्शन भक्त 1 से 15 फरवरी तक प्रतिदिन शाम 7 बजे ले सकेंगे। इस पवित्र स्थान के ऐतिहासिक महत्व, विशेषताओं और गुरु नानक देवजी के जीवन की यादों को एक लघु फिल्म के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। यह सुविधा संगतों के लिए विशेष आकर्षण होगी और उन्हें उल्हासनगर में ही पाकिस्तान के गुरुद्वारे के दर्शन करने का सौभाग्य मिलेगा।

▶▶ गुरु नानक देवजी के 555 वें प्रकाश पर्व पर भव्य उत्सव

▶▶ विश्व की सबसे बड़ी प्रभात फेरी 15 नवंबर को उल्हासनगर में

▶▶ साधु-संतों के साथ लाखों श्रद्धालुओं की मौजूदगी

# मराठा आरक्षण की लड़ाई को जिंदा रखना है: जरांगे



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मराठा आरक्षण के लिए मनोज जरांगे लगातार आंदोलन और प्रदर्शन कर रहे हैं। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले उन्होंने चुनाव लड़ने का भी ऐलान किया था, लेकिन ऐन मौके पर उन्होंने चुनाव में प्रतिद्वंद्विता नहीं करने की घोषणा की। जरांगे के विधानसभा चुनाव नहीं लड़ने को लेकर तरह-तरह की वजह बताई जा रही थी। बुधवार को मनोज जरांगे ने खुद ही वजह बताई कि वह महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव क्यों नहीं लड़ रहे हैं? उन्होंने बताया कि अगर वे लोग चुनाव लड़ते तो मराठा बंट जाते। इस वजह से वो चुनाव नहीं लड़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से ठीक पहले राजनीतिक परिदृश्य बदल सकते हैं। मनोज जरांगे ने दावा किया कि चुनाव से दूर रहने का उन्होंने विकल्प चुना है और इसका उद्देश्य मराठा आरक्षण की लड़ाई को जिंदा रखना है। मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जरांगे ने कहा कि 20 नवंबर को होने वाले चुनाव के लिए किस उम्मीदवार का वो समर्थन करेंगे। इसका ऐलान समय आने पर किया जाएगा। मनोज जरांगे ने इससे पहले राज्य के कुछ निर्वाचन क्षेत्रों का चयन किया था। जहां वे कुछ उम्मीदवारों का समर्थन या विरोध करने का ऐलान करने वाले थे, लेकिन अचानक जरांगे ने यूटर्न ले लिया और कहा कि वह और उनके समर्थक किसी भी उम्मीदवार के पक्ष में न तो उतारेंगे और न ही उसका समर्थन करेंगे।

# 'देश में जाति जनगणना जरूर होगी, तोड़ देंगे 50% आरक्षण की दीवार'

▶▶ महाराष्ट्र के मैदान में उतरे राहुल, किया ऐलान

### 'जाति जनगणना से दलितों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा'

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपना नैरेटिव लेकर महाराष्ट्र के मैदान में उतर आए हैं। राहुल लोकसभा चुनाव वाला ही नैरेटिव विधानसभा चुनाव में चलाना चाहते हैं इसीलिए उन्होंने महाराष्ट्र में अपने कैम्पेन की शुरुआत नागपुर से की। वो सबसे पहले दीक्षाभूमि पहुंचे जहां बाबा साहेब अंबेडकर ने बौद्ध धर्म अपनाया था। यहां राहुल गांधी ने अंबेडकर को श्रद्धांजलि दी। इसके बाद वो संविधान सम्मेलन को संबोधित करने पहुंचे। राहुल ने लोकसभा चुनाव में 'संविधान खतरे में है' का नैरेटिव सेट किया था जिसका इंडी अलायंस को चुनाव में फायदा मिला। आज भी राहुल गांधी ने संविधान के मुद्दे पर बीजेपी और राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ (RSS) का सीधे-सीधे नाम लेकर हमला बोला है।



राहुल गांधी ने कहा कि देश में जाति आधारित जनगणना जरूर होगी और इस प्रक्रिया से दलितों, अन्य पिछड़ा वर्गों और आदिवासियों के साथ हो रहे अन्याय का पता चलेगा। नागपुर में संविधान सम्मान सम्मेलन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा, ''जाति जनगणना से सब कुछ स्पष्ट हो जाएगा। हर किसी को पता चल जाएगा कि उनके पास कितनी ताकत है और उनकी भूमिका क्या है।'' गांधी ने कहा, ''हम 50 प्रतिशत (आरक्षण सीमा) की दीवार भी तोड़ देंगे।' उन्होंने कहा कि डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर द्वारा तैयार किया गया संविधान सिर्फ एक किताब नहीं बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जब आरएसएस और भाजपा के लोग संविधान पर ''हमला'' करते हैं, तो वे देश की आवाज पर हमला कर रहे होते हैं। राहुल गांधी ने दावा किया, 'अदाणी की कंपनी के प्रबंधन में आपको एक भी दलित, ओबीसी और आदिवासी नहीं मिलेगा। बरेली में मैंने गलती से कह दिया कि जितने अफसर हैं अपना परिचय दे दीजिए, उसमें मुझे एक दलित नाम नहीं सुनाई दिया, एक ओबीसी नाम उसमें नहीं सुनाई दिया। केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए कांग्रेस नेता ने कहा, ''आप सिर्फ 25 लोगों का 16 लाख करोड़ रुपये का कर्ज माफ करते हैं, लेकिन जब मैं किसानों की कर्ज माफी की बात करता हूं तो मुझ पर हमला किया जाता है।'

# कुमार आयलानी की विजय तय है: गोपाल लांडगे

**डीबीडी संवाददाता | उल्हासनगर**

शिवसेना कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने बुधवार को टाउन हॉल में आयोजित महायुति के बैठक में विश्वास व्यक्त किया है कि उल्हासनगर विधानसभा क्षेत्र में महायुति उम्मीदवार कुमार आयलानी के सामने कोई भी सक्षम उम्मीदवार नहीं हैं। शिवसेना महायुक्ति धर्म का पालन कर कुमार आयलानी को विजय बनाएगी।

महायुति उम्मीदवार कुमार आयलानी के प्रचार के लिए बुधवार दोपहर टाउन हॉल उल्हासनगर-3 में महायुति की बैठक का आयोजन किया गया था। इसकी अध्यक्षता शिवसेना कल्याण जिला प्रमुख गोपाल लांडगे ने की। इस अवसर पर गोपाल लांडगे ने कहा कि कुछ दिन पहले बीजेपी उल्हासनगर शहर अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने मुख्यमंत्री एकनाथ



शिंदे के खिलाफ आपत्तिजनक बयान दिया था। इससे स्थानीय शिव सेना कार्यकर्ताओं में आक्रोश फैल गया। इस विषय पर आज महागठबंधन के सभी सहयोगी दलों की बैठक आयोजित की गई। गोपाल लांडगे ने बताया कि यह घटना अनजाने में हुई थी और अध्यक्ष प्रदीप रामचंदानी ने इसके लिए माफी मांगी है। इसलिए यह मामला खत्म हो गया है। साथ ही विश्वास व्यक्त करते हुए कहा कि हम महायुति के बागी उम्मीदवार भरत गंगोत्री से बातचीत कर रहे हैं और जल्द ही सकारात्मक निर्णय लिया जाएगा, मनसे उम्मीदवार भगवान भालेराव एक कमजोर उम्मीदवार हैं और उनका प्रभाव केवल उनके वार्ड में है वंचित बहुजन अघाड़ी के उम्मीदवार संजय गुप्ता के कारण उन्होंने कहा कि भारतीय वोटों पर ज्यादा असर नहीं पड़ेगा और महागठबंधन में सभी सहयोगी दल अपने मतभेद भुलाकर जोर-शोर से प्रचार में जुट गए हैं।

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर कल्याण जिल्हा प्रमुख गोपाल लांडगे, कुमार आयलानी, प्रदीप रामचंदानी, नरेंद्र राजानी, आरपीआई शहर अध्यक्ष नाना बागुल, पीआरपी शहर जिला अध्यक्ष प्रमोद टाले, साई पार्टी प्रमुख जीवन ईदनानी, शिव सेना महानगर प्रमुख राजेंद्र चौधरी, जमनु पुरसवानी,विक्की भुल्लर, प्रमोद पांडे, राजु जग्यसी, दिपक (टोनी) सिरवानी, मन्नु खेमचंदनी, बालू अंबेडकर सहित सभी पक्ष के प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# ठाणे जिला सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन

## अस्पताल के ब्लड बैंक में नागरिकों को रक्तदान करने का आवाहन

**डीबीडी संवाददाता | ठाणे**

महादान के श्रेणी में रक्तदान भी आता है लेकिन आज यह दान लुप्त हो गया है।लगातार सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंक में रक्त के यूनिट की संख्या घटते ही जा रही है।ऐसे हालात में यदि कोई बड़ा हादसा हुआ तो मरीज खून के अभाव से मर सकता है। इसको देखते हुए सिविल अस्पताल में बुधवार से रक्तदान शिविर का शुरुआत किया गया और नागरिकों से आवाहन किया गया है कि वह अस्पताल के ब्लड बैंक में आकर रक्तदान करें। जिला सिविल अस्पताल में मरीजों का उपचार अच्छा होने के कारण अब आस पास के जिलों पालघर, नाशिक आदि से भी उपचार के लिए आते हैं।अस्पताल में कभी ऐसे स्थिति में मरीज उपचार के लिए आते हैं कि उनका तत्काल सर्जरी करना पड़ता है जिसमें खून की आवश्यकता होती है। सिविल अस्पताल में पूरे साल में लगभग 5 हजार यूनिट की आवश्यकता होती है जो मौजूदा समय में नही है।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए जिला शल्य चिकित्सक डॉ. कैलास पवार व



जिला उपशल्य चिकित्सक डॉ. धीरज महांगडे के मार्गदर्शन में रक्तदान शिविर मुहिम का शुरआत किया गया।इस अवसर पर डॉ कैलाश पवार ने कहा कि लोगों में रक्तदान करने के लिए भ्रम व्याप्त है लेकिन रक्तदान करने के एकदिन बाद में ही शरीर में फिर उतना तैयार हो जाता है।हर व्यक्ति को तीन महीने में एक बार रक्तदान करना चाहिए।इस अवसर पर डॉ धीरज महांगड़े ने स्वयं रक्तदान किया।सर्जन डॉ निशिकांत रोकड़े,ब्लड बैंक के इंतजार, नर्स व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी अशोक शिनगारे के हाथों विधानसभा चुनाव अभ्यास डिजिटल पुस्तिका का प्रकाशन

**धर्मेंद्र उपाध्याय | ठाणे**

विधानसभा चुनाव को लेकर जिलाधिकारी व जिला चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे के मार्गदर्शन में जिला जनसंपर्क कार्यालय की ओर से विधानसभा चुनाव 2024 की अभ्यास डिजिटल पुस्तिका तैयार किया गया है। इसका विमोचन जिलाधिकारी व चुनाव अधिकारी अशोक शिनगारे प्रमुख उपस्थिति में चुनाव से संबंधित जानकारी देने के लिए समीती सभागृह में पत्रकार परिषद का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डिजिटल पुस्तिका का जिलाधिकारी शिनगारे के हाथों से प्रकाशन किया गया। इस समय सहायक पुलिस आयुक्त दत्ता शिंदे,सहायक पुलिस आयुक्त डॉ.ज्ञानेश्वर चव्हाण, ठाणे (ग्रामीण) पोलीस अधीक्षक डॉ.डी. स्वामी, आचार संहिता कक्ष नोडल अधिकारी विजयसिंह देशमुख, कायदा व सुव्यवस्था कक्ष नोडल अधिकारी दीपक क्षीरसागर,उपजिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने,पुलिस उपायुक्त मीना मकवाना व रश्मी नांदेडकर,चुनाव खर्च नियंत्रण समिती नोडल अधिकारी दिलीप सूर्यवंशी, कम्युनिकेशन नोडल अधिकारी.मेटकरी व सुनिल महाले, सहायक नोडल अधिकारी सुकेशिनी पगारे सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे। जिले के प्रचार प्रसार प्रतिनिधि को और सामान्य नागरिक विधानसभा चुनाव 1962 से 2019 तक जिलें के विभिन्न चुनाव क्षेत्रों में उम्मीदवार को मतदान का आंकड़ा और आदर्श आचार संहिता क्या करना चाहिए और क्या नही करना चाहिए इसकी जानकारी पुस्तिका में दिया गया है। इस पुस्तिका को तैयार करने के लिए जिलाधिकारी अशोक शिनगारे विभागीय उपसंचालक डॉ गणेश मुले व उपजिला चुनाव अधिकारी वैशाली माने के मार्गदर्शन में किया गया।इस पुस्तिका के संपादक जनसंपर्क अधिकारी मनोज शिवाजी सानप है।

# MVA में सबकुछ ठीक नहीं!

## कांग्रेस पर भड़के सपा नेता अबू आजमी

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**


महाराष्ट्र में समाजवादी पार्टी को केवल दो विधानसभा सीटें आवंटित किए जाने से नाराज पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अबू आसिम आजमी ने बुधवार को कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उसने हरियाणा में अपनी हार से कोई सबक नहीं सीखा है। आजमी ने कहा कि विपक्षी महा विकास आघाडी (MVA) को एकजुट होकर चुनाव लड़ना चाहिए था, लेकिन उसने सपा नेताओं को बातचीत के लिए भी नहीं बुलाया। सपा के प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, ''उन्हें लगता है कि उनके बल पर चुनाव जीता जा सकता है और हमारी (सपा की) कोई जरूरत नहीं है।' उन्होंने कहा कि सपा ने 20 नवंबर को होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए आठ उम्मीदवार उतारे हैं और सात नवंबर को अपना घोषणापत्र जारी करेगी। हालांकि, आजमी ने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ता भाजपा को हराने के लिए अन्य सीटों पर एमवीए की मदद करेंगे। 'इंडिया' गठबंधन की घटक सपा ने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान महाराष्ट्र में शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), कांग्रेस और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के लिए सक्रिय रूप से प्रचार किया, जिससे मुंबई उत्तर पूर्व, धुले और भिवंडी जैसी सीटें हासिल करके विपक्षी गठबंधन की संख्या बढ़ाने में मदद मिली।

# पश्चिम रेलवे वलसाड-राजगीर और उधना-जयनगर के बीच चलाएगी फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा त्यौहारी सीजन के दौरान यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को समायोजित करने के लिए वलसाड-राजगीर और उधना-जयनगर के बीच विशेष किराये पर वन-वे फेस्टिवल स्पेशल ट्रेनें चलाने का निर्णय लिया गया है। पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी दी।

### स्पेशल ट्रेनों का विवरण



1. ट्रेन संख्या 09019 वलसाड-राजगीर स्पेशल

ट्रेन संख्या 09019 वलसाड-राजगीर स्पेशल गुरुवार, 07 नवंबर, 2024 को 07:00 बजे वलसाड से प्रस्थान करेगी और अगले दिन 16:00 बजे राजगीर पहुंचेगी।यह ट्रेन मार्ग में भेस्तान, नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, सासाराम और गया स्टेशनों पर रुकेगी। इस ट्रेन में स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास कोच होंगे।

2. ट्रेन संख्या 09039 उधना- जयनगर स्पेशल

ट्रेन संख्या 09039 उधना- जयनगर स्पेशल गुरुवार, 07 नवंबर, 2024 को 23:00 बजे उधना से प्रस्थान करेगी और शनिवार को 11:00 बजे जयनगर पहुंचेगी।


यह ट्रेन मार्ग में नंदुरबार, भुसावल, खंडवा, इटारसी, जबलपुर, कटनी, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, पं. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर और दरभंगा स्टेशनों पर रुकेगी।

# बॉम्बे हाईकोर्ट ने पालघर पुलिस के व्यक्ति की गिरफ्तारी पर उठाए सवाल

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

बॉम्बे हाई कोर्ट ने पालघर पुलिस द्वारा एक व्यक्ति की गिरफ्तारी और उसे शारीरिक यातना देने के मामले को काफी गंभीरता से लिया है। अदालत ने जे.जे.अस्पताल के डॉक्टरों को व्यक्ति का जांच करने का निर्देश दिया है। साथ ही अदालत ने पालघर पुलिस को हलफनामा दाखिल कर जवाब देने को कहा है। न्यायमूर्ति आरिफ डॉक्टर और न्यायमूर्ति सोमशेखर सुंदरेसन की पीठ के समक्ष सुनील शेषराव राठौड़ की ओर से वकील नियम दवे और मेघा गुप्ता की दायर याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के वकील नियम दवे ने दलील दी कि पालघर पुलिस द्वारा 4 नवंबर की रात 10 दस बजे याचिकाकर्ता के भाई अनिल शेषराव राठौड़ को अस्पताल से अवैध रूप से गिरफ्तार कर मौलिक अधिकारों का उल्लंघन किया गया। उन्हें शारीरिक यातना दी गई। याचिकाकर्ता को दूसरे दिन 5 नवंबर दोपहर के पालघर जिले के पेल्हार पुलिस स्टेशन से फोन आया, जिसमें उन्हें बताया गया कि उनके के भाई की गिरफ्तारी की प्रक्रिया चल रही है।

### पुलिस पर व्यक्ति को अवैध रूप से गिरफ्तार करने और उसे शारीरिक यातना देने का आरोप




पीठ ने आरोपी के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार के अत्यंत गंभीर आरोपों को देखते हुए न्यायालय के चिकित्सा अधिकारी को आरोपी की जांच करने का निर्देश दिया। याचिकाकर्ता के भाई के पीठ और रीढ़ की जांच से पता चलता है कि उसे शारीरिक आघात पहुंचा है। चिकित्सा अधिकारी ने आरोपी की चिकित्सा जांच और उपचार की भी सलाह दी है। पीठ ने कहा कि इसे देखते हुए हम आरोपी को जेजे अस्पताल में उपचार करने का निर्देश देते हैं । पीठ ने आरोपी को जे.जे.मार्ग पुलिस स्टेशन की हिरासत मं सौंप दिया, जिसके तहत वह अगले आदेश तक हिरासत में रहेगा। ज मार्ग पुलिस की देखरेख में जेजे अस्पताल के डॉक्टर आरोपी का इलाज करेंगे।

DBD
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

# दो बजे दोपहर

# महंगी सब्जियों से घर का बना भोजन महंगा हुआ

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

सब्जियों की कीमतों में बढ़ोतरी के कारण अक्तूबर में शाकाहारी और मांसाहारी दोनों तरह का घर का बना खाना महंगा हो गया। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने कहा कि शाकाहारी थाली की कीमत एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 20 प्रतिशत बढ़कर 33.3 रुपये प्रति प्लेट हो गई। यह सितंबर की कीमत 31.3 रुपये से भी अधिक थी, जिसका मुख्य कारण सब्जियों की कीमतों में




उछाल था। घर में बनी मांसाहारी थाली की कीमत अक्तूबर में 61.6 रुपये रही, जबकि एक महीने पहले इसी अवधि में यह 59.3 रुपये और एक साल पहले इसी अवधि में 58.6 रुपये थी। शाकाहारी थाली में 11 प्रतिशत भार वाली दालों की कीमतों में इस महीने के दौरान 11 प्रतिशत की वृद्धि हुई। वहीं, मांसाहारी थाली के मामले में, ब्रॉयलर की कीमतों में नौ प्रतिशत की गिरावट ने लागत में अपेक्षाकृत धीमी वृद्धि की।

मासिक रोटी चावल दर रिपोर्ट के अनुसार, अक्तूबर में प्याज की कीमतें सालाना आधार पर 46 प्रतिशत बढ़ीं, जबकि आलू की कीमतें 51 प्रतिशत बढ़ीं, जिसका मुख्य कारण लगातार बारिश होना है, जिसके कारण आवक कम हुई और महाराष्ट्र और कर्नाटक में फसल भी प्रभावित हुई। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि टमाटर की कीमतें एक साल पहले की समान अवधि के 29 रुपये प्रति किलोग्राम से दोगुनी होकर 64 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई हैं, क्योंकि बारिश के कारण आवक प्रभावित हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल प्रदेश से आपूर्ति शुरू होने के साथ नवंबर से इस जिंस (टमाटर) की कीमतें स्थिर होने की संभावना है।

# विधानसभा चुनाव के लिए 1 लाख से अधिक मतदान केंद्र

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

विधानसभा चुनाव के लिए चुनाव आयोग के माध्यम से राज्य भर में 1 लाख 427 मतदान केंद्र स्थापित किये जायेंगे। मतदाता आसानी से मतदान कर सकें, इस दृष्टि से राज्य में मतदान केन्द्रों की व्यवस्था की गई है। पुणे जिले में राज्य में सबसे अधिक मतदान केंद्र हैं। पुणे में 8 हजार 462 मतदान केंद्र हैं। इसके बाद मुंबई उपनगर में 7 हजार 579, ठाणे में 6 हजार 955, नासिक में 4 हजार 922 और नागपुर में 4 हजार 631 मतदान केंद्र हैं।



**मतदान केन्द्रों की संख्या - जिलावार**

| | |
|---|---|
| 1. पुणे - 8462 | 19. बुलढाणा - 2288 |
| 2. मुंबई उपनगर - 7579 | 20. पालघर - 2278 |
| 3. ठाणे - 6955 | 21. लातूर - 2143 |
| 4. नासिक - 4922 | 22. चंद्रपुर - 2077 |
| 5. नागपुर - 4631 | 23. अकोला - 1741 |
| 6. अहमदनगर - 3765 | 24. रत्नागिरी - 1747 |
| 7. सोलापुर - 3738 | 25. जालना - 1755 |
| 8. जलगांव - 3683 | 26. धुले - 1753 |
| 9. कोल्हापुर - 3452 | 27. परभणी - 1623 |
| 10. औरंगाबाद - 3273 | 28. उस्मानाबाद - 1523 |
| 11. सतारा - 3165 | 29. नंदुरबार - 1434 |
| 12. नांदेड़ - 3088 | 30. वर्धा - 1342 |
| 13. रायगढ़ - 2820 | 31. गोंदिया - 1285 |
| 14. अमरावती - 2708 | 32. भंडारा - 1167 |
| 15. यवतमाल - 2578 | 33. वाशिम - 1100 |
| 16. मुंबई शहर - 2538 | 34. हिंगोली - 1023 |
| 17. सांगली - 2482 | 35. गढ़चिरौली - 972 |
| 18. बीड - 2416 | 36. सिंधुदुर्ग - 921 |

## 1 लाख 186 मुख्य मतदान केंद्रों की संख्या

महाराष्ट्र के 241 विधानसभा क्षेत्रों में मुख्य और सहायक मतदान केंद्रों की संख्या तय की गई है। इस वर्ष राज्य में मुख्य मतदान केंद्रों की संख्या 1 लाख 186 है, जिनमें से 42 हजार 604 शहरी क्षेत्र में और 57 हजार 582 ग्रामीण क्षेत्र में हैं। सहायक मतदान केन्द्रों की संख्या 241 है। पिछले कुछ चुनावों की तुलना में मतदान केंद्रों की संख्या में काफी बढ़ोतरी हुई है। इससे मतदाताओं की सुविधा और मतदान प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित होगी। दिव्यांग मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक पहुंचने के लिए कई स्थानों पर आवश्यक रैंप की भी व्यवस्था की गई है।

## 2 लाख से ज्यादा स्याही की बोतलें

विधानसभा चुनाव के लिए मतदाताओं की बायीं तर्जनी पर स्याही लगाने के लिए राज्य में लगभग 2 लाख 20 हजार 520 स्याही की बोतलों का प्रावधान किया गया है। यह स्याही जिलेवार वितरित की जा रही है। राज्य के 288 विधानसभा क्षेत्रों में 1 लाख 427 मतदान केंद्र हैं। स्याही की बोतलों की संख्या 2 लाख 854 है यानी प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए 2 स्याही की बोतलें। 2 लाख 854 स्याही की बोतलों और कुछ अन्य के अलावा, कुल 2 लाख 20 हजार 520 स्याही की बोतलों से मतदान के लिए आवश्यक सामग्री अगले कुछ दिनों में चुनाव प्रणाली के माध्यम से मतदान केंद्रों तक पहुंचाई जाएगी।



## आवासीय परिसरों में मतदान केंद्र स्थापित

शहरी क्षेत्रों में मतदाताओं की उदासीनता को देखते हुए चुनाव आयोग ने आवासीय परिसरों में मतदान केंद्र स्थापित किए हैं और मतदान केंद्रों की संख्या में वृद्धि की है ताकि ग्रामीण और आदिवासी क्षेत्रों में मतदाता जल्द से जल्द मतदान केंद्रों तक पहुंच सकें।

## आचार संहिता उल्लंघन की 2819 शिकायतें निस्तारित

15 अक्टूबर से 6 नवंबर 2024 तक सी-विजिल ऐप पर राज्य भर में कुल 2,833 शिकायतें प्राप्त हुई, जिनमें से 2,819 शिकायतों का समाधान मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय, चुनाव आयोग द्वारा किया गया।

## 281 करोड़ 78 लाख रुपये की संपत्ति जब्त

राज्य और केंद्र सरकार की विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा की गई कार्रवाई में अवैध धन, शराब, ड्रग्स और कीमती धातुओं आदि के मामले में कुल 281 करोड़ 78 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई है। प्रदेश में आचार संहिता का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

# अब IRCTC के किचन पर रहेगी पैनी नजर

■ इंस्टॉल किए जा रहे है CCTV और AI क्यूबा कैमरे



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन (आईआरसीटीसी) देश भर में 1000 क्लस्टर रसोई स्थापित कर रहा है, ताकि रेल यात्रियों को परोसे जाने वाले खाने की गुणवत्ता और बेहतर बन सके। इसी कड़ी में अब नए प्रयोग भी किए जा रहे हैं। रेलवे के एक अधिकारी न बताया कि इन किचन में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित क्यूबा कैमरे लगाए जाएंगे। इन कैमरों के जरिए यह जांच की जाएगी कि रेलवे किचन में काम करने वाले व्यक्ति ने नियमों का पालन किया है या नहीं। इससे किचन में होने वाली छोटी-बड़ी अप्रत्याशित घटनाओं पर भी नजर रखने में मदद मिलेगी।

## 280 सीसीटीवी और 64 एआई क्यूबा कैमरे होंगे स्थापित

आईआरसीटीसी के माध्यम से पश्चिम रेलवे के क्षेत्र में लगभग 208 रसोई स्थापित की जा रही हैं, जिनमें से 83 चालू हो चुकी हैं। इन सभी किचन में 280 सीसीटीवी और 64 एआई क्यूबा कैमरे लगाए गए हैं, ताकि भोजन की गुणवत्ता बनी रहे। इसी के साथ रसोई में काम करने वाले कर्मचारियों को यह सुनिश्चित करना है कि वे किचन में ग्लव्स और किचन कैप पहन कर खाना बनाएं।

## क्लस्टर किचन के जरिए होगी ट्रेनों में खाने की आपूर्ति

अधिकारी ने बताया कि आईआरसीटीसी, यात्रियों पर बोझ कम करने और ट्रेनों में परोसे जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है। साथ ही वंदे भारत, दुरंतो एक्सप्रेस, राजधानी, जनशताब्दी और तेजस जैसी मेल और कुछ लंबी दूरी की एक्सप्रेस ट्रेनों में भी रेलवे के क्लस्टर किचन के जरिए भोजन की आपूर्ति की जाने वाली है। फिलहाल, मुंबई मडगांव एक्सप्रेस, आत्मगंध एक्सप्रेस, एर्नाकुलम दुरंतो एक्सप्रेस, मांडोवी एक्सप्रेस, तेजस एक्सप्रेस, राजधानी एक्सप्रेस, अमृतसर एक्सप्रेस, पश्चिम एक्सप्रेस जैसी अन्य ट्रेनों में भी भोजन सेवा प्रदान की जाएगी।

# कनाडाई दूतावास के बाहर विहिप और बजरंग दल ने किया प्रदर्शन

■ हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों पर जताया विरोध



**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कनाडा में हिंदू मंदिरों पर खालिस्तानी आतंकवादी हमले के विरोध में विश्व हिंदू परिषद (विहिप), बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को दादर स्थित कनाडाई दूतावास के बाहर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रेस को संबोधित करते हुए विहिप प्रवक्ता और कोंकण प्रांत के संयुक्त मंत्री श्रीराज नायर ने कहा कि हिंदू और सिख समुदाय अलग नहीं हैं। भारत के बढ़ते वैश्विक प्रभुत्व को देखते हुए कनाडा में भारतीय मूल के बच्चों का ब्रेनवॉश किया जा रहा है और उन्हें जानबूझकर भारत को बदनाम करने और देश में अशांति पैदा करने के लिए भारत विरोधी गतिविधियों में लगाया जा रहा है। श्रीराज नायर ने कहा कि कोई हिंदू दुनिया के किसी भी देश में जाता है, तो वह उस देश की प्रगति में अपना अहम योगदान देता है। भारत और कनाडा के बीच कई वर्षों से अच्छे संबंधों को देखते हुए हमारे मन में कनाडा के प्रति कोई द्वेष नहीं है। लेकिन हम विहिप के माध्यम से कनाडा सरकार से यह व्यक्त करते हैं कि आपके देश में हिंदू मंदिरों पर हो रहे हमलों को तुरंत रोका जाना चाहिए और समाज को तुरंत विघायी शक्ति प्रदान की जाए।

## प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

शांति पूर्ण विरोध प्रदर्शन के बाद स्थानीय पुलिस ने बजरंग दल के संयोजक रंजीत जाधव, सह संयोजक गौतम रावरिया, विहिप शहर विभाग मंत्री राजीव चौबे सहित कई अन्य प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया। जिन्हें दादर पुलिस स्टेशन ले जाए जाने के बाद रिहा कर दिया गया।

## जमकर नारेबाजी की

प्रदर्शन के दौरान विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने सेव टैंपल सेव हिंदू, हिंदू सिख एकता जिंदाबाद खालिस्तान मुर्दाबाद, धर्म की रक्षा कौन करेगा बजरंग दल, हिंदुओं के सम्मान में बजरंग दल मैदान में जैसे नारों की तख्तियां लेकर निकले थे। कार्यकर्ताओं ने कनाडा में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ जमकर नारेबाजी भी की।

# 'वे चुनाव में इमोशनल कार्ड खेल रहे'

■ शरद पवार के राजनीति से संन्यास वाले बयान पर भाजपा का तंज

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

मंगलवार को शरद पवार ने अपने एक बयान से ऐसे संकेत दिए हैं कि वह सक्रिय राजनीति से जल्द संन्यास ले सकते हैं। हालांकि भाजपा ने इसे शरद पवार की रणनीति करार दिया है और कहा है कि वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के वक्त ऐसे बयान देकर इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं। वहीं शिवसेना यूबीटी ने शरद पवार के इस बयान पर कहा है कि देश में कोई ऐसा नेता नहीं है।



## शरद पवार के बयान पर भाजपा का तंज

भाजपा के वरिष्ठ नेता कैलाश विजयवर्गीय से जब शरद पवार के राजनीति से संन्यास संबंधी बयान को लेकर सवाल किया गया तो उन्होंने कहा कि 'लोकसभा चुनाव के समय भी उन्होंने ऐसा कहा था। वह इमोशनल कार्ड खेल रहे हैं। इस बार भी वे चुनाव के समय ऐसे बयान दे रहे हैं और बाद में वे फिर राजनीति में सक्रिय रहेंगे।'

# कांग्रेस ने मोहन प्रकाश को बनाया विदर्भ क्षेत्र का वरिष्ठ पर्यवेक्षक

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेता मोहन प्रकाश को विदर्भ क्षेत्र का वरिष्ठ पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। प्रकाश की नियुक्ति की जानकारी पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यहां दी। वेणुगोपाल के मुताबिक पार्टी अध्यक्ष खड़गे ने मोहन प्रकाश को तत्काल प्रभाव से काम शुरू करने को कहा है। मोहन प्रकाश पूर्व में महाराष्ट्र कांग्रेस के प्रभारी रह चुके हैं और प्रदेश में संगठन के लोगों से उनका पुराना जुड़ाव रहा है। वे शुक्रवार को



नागपुर पहुंचेंगे और विदर्भ के हर जिले में जाकर पार्टी उम्मीदवारों के पक्ष में माहौल बनाएंगे। माना जा रहा है कि मोहन प्रकाश संगठन के लोगों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों और किसान संगठनों को भी पार्टी के पक्ष में एकजुट करेंगे।

# असलम शेख बीजेपी के किये विकास कार्यों का ले रहे हैं श्रेय :विनोद शेलार

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महायुति उम्मीदवार विनोद शेलार ने आरोप लगाया कि असलम शेख हमारे जन प्रतिनिधि द्वारा किए गए कार्यों का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन पिछले मत्स्य पालन मंत्री और संरक्षक मंत्री होने के बावजूद मलाड का विकास नहीं किया।

बुधवार सुबह मलाड महाराणा प्रताप गार्डन से ढोल नगाडो के साथ निकली रैली में लोगो का हुजूम देखने जैसा था, इस दौरान महायुती के उम्मीदवार विनोद शेलार ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा की वार्ड क्र. 47 जया तिवाना ने स्विमिंग पूल बनाया, वार्ड नंबर 46 की योगिता कोली द्वारा सड़क का चौड़ीकरण और पुनर्निर्माण किया गया। मिड चौकी पर पुल के संबंध में



वार्ड नंबर 35 की नगरसेविका सेजल देसाई ने प्रस्ताव रखा था और इस संदर्भ मे सारी बागडोर अपने हाथ मे लेते हुये सांसद और केंद्रीय मंत्री पियुष गोयल ने अपना योगदान दिया। लेकिन इसका सारा श्रेय अस्लम शेख ले रहे हैं। यह कहते हुए विनोद शेलार ने कहा कि मालोनी मे आये दिन पुलिस किसी को भी उठाकर अंदर डाल रही है इसलिये यहां पर डर का माहौल बना हुआ है। मेरे चुनकर आने के बाद मालोनी भय मुक्त करुंगा।

इस दौरान वार्ड नंबर 47 वार्ड अध्यक्ष अरविंद यादव, आर यू सिंह, सुनील कोली, योगेश वर्मा, यूनुस खान, तेजेंद्र तिवाना, नगरसेवक सेजल देसाई, मुंबई उपाध्यक्ष नरेंद्र राठौड़, नगरसेवक योगिता कोली, मंडल महासचिव दीपक जोशी, सुरेश मपारी, उदय चौगुले, दीपक रावरन, एनसीपी सत्यपाल सिंह आरपीआई सुनील गमरे, शिवसेना के सुधाकर वाल्वेकर उपस्थित थे।

# भारतीय रेलवे चला रहा 7663 स्पेशल ट्रेनें

■ पिछले एक महीने में 7 करोड़ से ज्यादा लोगों ने की यात्रा

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

भारतीय रेल त्योहारी सीजन के दौरान 24 घंटे में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की कुल जनसंख्या से अधिक लोगों को उनके गंतव्य तक पहुंचाती है। बीते 04 नवंबर 2024 को गैर-उपनगरीय यात्रियों की सबसे अधिक संख्या। अब तक 1 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2024 तक स्पेशल ट्रेनों के जरिये लगभग 7 करोड़ यात्रियों ने बिहार, पूर्वी उत्तर प्रदेश और झारखंड की यात्रा की है।

## स्पेशल ट्रेनों के ज़रिये 65 लाख यात्रियों को सुविधा

रेलवे ने 1 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2024 तक स्पेशल ट्रेनों के ज़रिये 65 लाख यात्रियों को सुविधा प्रदान की है। भारतीय रेल इस त्योहारी सीजन के दौरान यात्रियों की मांग को पूरा करने के लिए स्पेशल ट्रेनें चला रही है। इस वर्ष 01 अक्टूबर से 30 नवंबर, 2024 की अवधि के दौरान भारतीय रेल द्वारा 7,600 से अधिक स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं, जबकि पिछले वर्ष लगभग 4,500 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई थीं।

## 375 स्पेशल ट्रेनें चला रही पश्चिम रेलवे

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यात्रियों की सुविधा और उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से इस वर्ष पश्चिम रेलवे त्योहारी सीजन के दौरान उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल और उड़ीसा सहित विभिन्न गंतव्यों के लिए लगभग 375 स्पेशल ट्रेनें चला रही है। ये स्पेशल ट्रेनें पश्चिम रेलवे से विभिन्न गंतव्यों के लिए चलाई जाने वाली नियमित ट्रेनों के अतिरिक्त परिचालित की जा रही हैं। उपलब्धता और मांग के अनुसार नियमित ट्रेनों में अतिरिक्त कोच भी जोड़े जा रहे हैं। 6 नवंबर 2024 को पश्चिम रेलवे ने 18 स्पेशल ट्रेनें चलाईं, जबकि 7 नवंबर 2024 को यात्रियों की सुविधा के लिए 14 स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएंगी।

## आज पश्चिम रेलवे से चलने वाली ट्रेनों का विवरण



**मुंबई से :**

- ट्रेन संख्या 09724 बांद्रा टर्मिनस-जयपुर स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 09 :30 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 09055 बांद्रा टर्मिनस-उधना स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 09 :50 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 09031 बांद्रा टर्मिनस-गोरखपुर स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 12 :15 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 04712 बांद्रा टर्मिनस-बीकानेर स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 18 :20 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 09415 बांद्रा टर्मिनस-गांधीधाम स्पेशल बांद्रा टर्मिनस से 19 :25 बजे प्रस्थान करेगी।

**सूरत/उधना/वापी/वलसाड से :**

- ट्रेन संख्या 09067 उधना-बरौनी स्पेशल उधना से 05 :30 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 09007 वलसाड-भिवानी स्पेशल वलसाड से 13 :50 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 09656 वलसाड-अजमेर स्पेशल वलसाड से 15 :05 बजे प्रस्थान करेगी।

**वडोदरा से :**

- ट्रेन संख्या 03110 वडोदरा-सियालदह स्पेशल वडोदरा से 16 :45 बजे प्रस्थान करेगी।

**भावनगर से :**

- ट्रेन संख्या 09208 भावनगर टर्मिनस - बांद्रा टर्मिनस स्पेशल भावनगर टर्मिनस से 14 :50 बजे प्रस्थान करेगी।

**अहमदाबाद से :**

- ट्रेन संख्या 09416 गांधीधाम – बांद्रा टर्मिनस स्पेशल गांधीधाम से 00 :30 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 09419 अहमदाबाद – तिरुचिरापल्ली स्पेशल अहमदाबाद से 09 :30 बजे प्रस्थान करेगी।
- ट्रेन संख्या 04166 अहमदाबाद- आगरा कैंट स्पेशल अहमदाबाद से 14 :10 बजे प्रस्थान करेगी।

**डॉ. अंबेडकर नगर से :**

- ट्रेन संख्या 09343 डॉ. अंबेडकर नगर – पटना स्पेशल डॉ. अंबेडकर नगर से 18 :30 बजे प्रस्थान करेगी।

## 24 घंटे में 3 करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाया

भारतीय रेल ने 24 घंटे में तीन करोड़ यात्रियों को उनके गंतव्यों तक पहुंचाया है, जो ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड की कुल जनसंख्या से भी अधिक है। 4 नवंबर, 2024 को कुल 120 लाख से अधिक (लगभग 20 लाख आरक्षित और 100 लाख से अधिक अनारक्षित गैर-उपनगरीय) यात्रियों ने यात्रा की है। इस वर्ष के दौरान एक दिन में यात्रा करने वाले यात्रियों का सबसे अधिक आंकड़ा है। भारतीय रेल द्वारा अब तक 1 अक्टूबर से 5 नवंबर, 2024 तक 4,521 स्पेशल ट्रेनें चलाई गई है। इन स्पेशल ट्रेनों से 65 लाख यात्रियों को यात्रा की सुविधा मिली है।

**मध्य रेल**

**डिजाइन आपूर्ति और निर्माण कार्य**

**खुली निविदा सं. BB.LD.585.W.859. CONTR3 दिनांक 30.10.2024 कार्य का नाम:** निविदा क्रमांक: BB.LD.585.W.859.CONTR3 मुंबई डिवीजन के CSMT-PNVL खंड में, SNRD-VDLR-King Circle-GTB में विशेष ओएचई स्टील संरचनाओं की डिजाइन आपूर्ति सहित सभी सहायक उपकरणों की आपूर्ति तथा ओएचई फाउंडेशन निर्माण। **अनुमानित लागत:** ₹ 6,08,45,520/- **बिड सिक्योरिटी:** ₹ 4,54,200/- **ऑफर की वैधता:** 60 दिन **समापन अवधि:** 12 महीने **निविदा फार्म का मूल्य:** ₹ 0 **I)** उक्त निविदा का, निविदा बंद करने की तारीख और समय: दिनांक 02.12.2024 को 11.00 बजे तक, और 11.00 बजे के बाद खोला जाएगा। **II)** शुध्दिपत्रक के विवरण हेतुं अग्रदर्शी निविदाओं के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर भेट देने का अनुरोध है। **III)** केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से उपर्युक्त इलेक्टॉनिकलि ई-टेन्डर में निविदाधारक सहभाग ले सकते है और ई-टेन्डर के अलावा हस्तचलित प्रस्तुत करने का निवेदन, देने की अनुमति नही है। हस्तचलित रूप से, यदि निविदा खुलने के बाद की प्रस्तुति का विचार नही किया जाएगा। **IV)** निविदा दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार बिड सिक्योरिटी का भुगतान किया जाना चाहिए। **V)** अतिरिक्त जानकारी के लिए संपर्क: वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई - 400001। फोन - 022 - 22612355. निवीदाओं संबंधी संपूर्ण विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी संपूर्ण विवरण वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (कर्षण वितरण), दूसरी मंजील, एनेक्सभवन, सीएसएम टी मुंबई-400001 के **"नोटिस बोर्ड"** पर भी उपलब्ध है। 532

**अनाधिकृत रूप से रेल लाइन को पार करना दंडनीय अपराध है**

दोपहर



## संपादकीय

# आत्मघाती निष्क्रियता

यह जानते हुए भी कि आम भारतीयों को आनुवंशिक रूप से गैर-संक्रामक रोग मसलन हृदय रोग, मधुमेह, कैंसर व मोटापा शेष विश्व के लोगों के मुकाबले कई साल पहले हो जाता है, देश में आधे वयस्कों की शारीरिक निष्क्रियता की रिपोर्ट परेशान करती है। विश्व विख्यात मेडिकल पत्रिका लांसेट ने विश्व स्वास्थ्य संगठन की मार्गदर्शिका का हवाला देते हुए बताया था कि भारतीय जींस इन गैर संक्रामक रोगों के प्रति बेहद संवेदनशील हैं। हमें ये रोग अन्य देशों के मुकाबले दस साल पहले हो सकते हैं। लेकिन नियमित शारीरिक श्रम से हम इन रोगों को टाल सकते हैं। विश्व जनसंख्या समीक्षा का निष्कर्ष है कि हमारा देश विश्व फिटनेस रैंकिंग में 112वें स्थान पर आता है। यही वजह है कि भारत के आधे वयस्क सामान्य शारीरिक निष्क्रियता की वजह से कई गैर संक्रामक रोगों से जूझ रहे हैं। छोटे से देश ताइवान की शारीरिक सक्रियता के प्रति जागरूकता देखिए कि फिटनेस में वह शीर्ष दस एशियाई देशों में शुमार है। दरअसल, देश में शारीरिक सक्रियता व सेहत के प्रति राष्ट्रीय सोच विकसित करने की जरूरत होती है। जिन देशों, मसलन सिंगापुर, जापान व दक्षिण कोरिया ने फिटनेस रैंकिंग में अव्वल स्थान पाया है, वहां की सरकारों ने इसके लिये विशेष प्रोत्साहन योजनाएं क्रियान्वित की हैं। जिसके फलस्वरूप सेहत को लेकर सक्रियता ने जन-आंदोलन का स्थान लिया है। कमोबेश, योग को लेकर ऐसा अभियान प्रधानमंत्री मोदी की पहल से पूरी दुनिया में शुरू हुआ, लेकिन हमने उसे 21 जून विश्व योग दिवस के आसपास सीमित कर दिया। योग हमारी दैनिक जीवन शैली का अभिन्न हिस्सा होना चाहिए। प्रसिद्ध मेडिकल जर्नल लांसेट की रिपोर्ट चौंकाती है कि आधे वयस्क भारतीय शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। यह प्रतिशत वर्ष 2000 में करीब बाइस फीसदी था। एक विरोधाभासी तथ्य यह है कि तब भारत वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के हिसाब से तेरहवें स्थान पर था और आज जब भारत पांचवें स्थान पर है तो उसकी शारीरिक निष्क्रियता दुगुनी से अधिक हो गई है। ऐसे में जीडीपी वृद्धि के साथ शारीरिक सक्रियता में गिरावट का क्या यह निष्कर्ष निकाला जाए कि हम संपन्नता के साथ आलसी हो गए हैं? यानी आय बढ़ने के साथ हम शारीरिक गतिविधियों के प्रति उदासीन हो गए हैं? क्या भारतीयों की जीवन शैली शारीरिक सक्रियता के विमुख होती जा रही है? यह एक हकीकत है कि जैसे-जैसे हमारे जीवन स्तर में वृद्धि हुई और हमारा खान-पान समृद्ध हुआ, हमने प्रमाद की राह चुन ली। हम दफ्तर कार-स्कूटर से जाते हैं, आराम कुर्सी पर काम करते हैं, घर आकर सोफे पर पसर जाते हैं, टीवी,लेपटॉप व मोबाइल में डूब जाते हैं। लेकिन पैदल चलने की जहमत नहीं उठाते। हम सीढ़ी चढ़ने के बजाय लिफ्ट या एलीवेटर को तरजीह देते हैं। सब्जी मंडी कार से जाते हैं। ऑन लाइन मार्केटिंग के जमाने में हम घर बैठे ही सब कुछ हासिल कर लेते हैं। खाना ऑनलाइन मंगा लेते हैं। तभी बड़े बाजारों की रौनक गायब है। घर का काम हमने कामवाली और नौकर-चाकरों पर छोड़ दिया है। शरीर के स्वस्थ रहने का अपना नियम है। जितने हम चलेंगे, जीवन उतना लंबा चलेगा। हमारे पूर्वजों ने तमाम तीर्थ विकट भौगोलिक स्थितियों वाले स्थलों व पर्वतों पर स्थापित किए थे, ताकि शारीरिक श्रम से हम स्वस्थ रह सकें। हम बड़े तीर्थस्थल वाहनों या हैली सेवाओं से पहुंच रहे हैं। सुविधा सेहत की दुविधा पैदा करती है। जब शरीर से पसीना निकलता है तो शरीर में बीमारी पैदा करने वाले विजातीय द्रव्य भी बाहर निकलते हैं। शरीर के रोम-रोम पसीने से साफ होते हैं और शरीर हमारी त्वचा से भी ऑक्सीजन ग्रहण कर लेता है। योग व प्राकृतिक चिकित्सा का सिद्धांत है कि शरीर के जिस भी हिस्से में ऑक्सीजन की कमी होती है, वह रोगग्रस्त हो जाता है। यही वजह है कि हम प्राणायाम के जरिये शरीर में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाकर स्वस्थ रहते हैं। हम नियमित रूप से आसन, प्राणायाम व ध्यान के जरिये तंदुरुस्त रह सकते हैं। तमाम शोध-अनुसंधान इसके जरिये मनोकायिक रोग दूर होने की बात की पुष्टि कर रहे हैं। हमें अपनी योग व प्राकृतिक चिकित्सा की समृद्ध विरासत का लाभ उठाना चाहिए।

## शख्सियत | चिदंबरम सुब्रमण्यम

### एक राजनेता, सिविल सेवक और आर्थिक नीति के शिल्पकार



30 जनवरी, 1910 को तमिलनाडु के कुंभकोणम में जन्मे चिदंबरम सुब्रमण्यम एक प्रतिष्ठित भारतीय राजनीतिज्ञ और सिविल सेवक थे, जिन्होंने स्वतंत्रता के बाद के दौर में भारत की आर्थिक नीतियों को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। वे भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के एक प्रमुख सदस्य थे और उन्होंने भारत सरकार में कई प्रमुख पदों पर कार्य किया, जिसमें केंद्रीय वित्त मंत्री और रक्षा मंत्री का पद भी शामिल था।

मद्रास विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त सुब्रमण्यम का प्रारंभिक करियर भारतीय सिविल सेवा से शुरू हुआ, जहाँ उन्होंने सम्मान के साथ काम किया। हालाँकि, 1947 में भारत की स्वतंत्रता के बाद उनके राजनीतिक करियर ने उड़ान भरी। उन्हें 1962 में भारत का पहला रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया, जो चीन-भारत युद्ध के महत्वपूर्ण दौर के दौरान था। इस चुनौतीपूर्ण समय के दौरान उनके नेतृत्व को भारत की रक्षा क्षमताओं को मजबूत करने के उनके प्रयासों के लिए जाना जाता है। 1980 से 1982 तक केंद्रीय वित्त मंत्री के रूप में, सुब्रमण्यम ने भारत की अर्थव्यवस्था को स्थिर करने के उद्देश्य से कई सुधारों को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने कृषि उत्पादकता बढ़ाने के उपाय पेश किए और आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था की आवश्यकता पर जोर दिया। उनकी नीतियों में अक्सर आर्थिक विकास और सामाजिक समानता के बीच संतुलन दिखाई देता था, जो समावेशी विकास में उनके विश्वास को रेखांकित करता था। सुब्रमण्यम अपनी बौद्धिक दृढ़ता और जटिल आर्थिक अवधारणाओं को आम आदमी के लिए सुलभ तरीके से व्यक्त करने की क्षमता के लिए जाने जाते थे। उन्होंने अर्थशास्त्र और नीति पर कई किताबें लिखीं, जिससे भारत में अकादमिक चर्चा में योगदान मिला। अपने पूरे करियर के दौरान, उन्हें सार्वजनिक सेवा के प्रति उनकी ईमानदारी और समर्पण के लिए पहचाना गया। राष्ट्र के लिए उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए उन्हें भारत के दूसरे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म विभूषण सहित कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया।

# लाहौर के प्रदूषण का ठीकरा पंजाब के सिर



पुष्परंजन

मंगलवार को पाकिस्तान के प्रमुख अख़बार 'डान' ने अपने सम्पादकीय में प्रदूषण के चरम पर पहुंच जाने, और सरकार की लाचारी को उजागर किया है। अख़बार लिखता है, 'लाहौर में हवा की गुणवत्ता अब पहले से भी बदतर हो गई है, रविवार को पहली बार वायुमंडल में प्रदूषण सूचकांक 1,000 से अधिक हो गया। स्मॉग के खतरे के कारण प्रांतीय सरकार ने ग्रेड 5 तक के प्राथमिक स्कूलों को बंद कर दिया है। प्रदूषित हवा, जिसमें विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा निर्धारित मानकों से कई गुना अधिक खतरनाक रसायन होते हैं, कई श्वसन रोगों के साथ-साथ स्ट्रोक, हृदय रोग और फेफड़ों के कैंसर का कारण बन सकती है। हालांकि, प्रांतीय सरकार ने प्रदूषण के सभी स्रोतों पर लगाम लगाने का प्रयास किया है, जिसमें रेस्तरां के बारबेक्यू से अत्यधिक धुआं छोड़ना भी शामिल है। लेकिन, इन उपायों के सही तरीके से पालन न होने से सारे प्रयास बेकार गए हैं। पंजाब के अधिकारियों ने एक अन्य कारक को भी दोषी ठहराया है : सीमा पार से प्रदूषण, जहां से पराली जलाने और आतिशबाजी का धुआं पाकिस्तान आ रहा है। मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ अब दोनों पंजाबों द्वारा स्मॉग संकट से निपटने के लिए संयुक्त प्रयास की मांग कर रही हैं।'

मगर, डॉन के इस सम्पादकीय को सम्पूर्ण मत मानिये। अखबार यह बताने में असमर्थ है, कि पाकिस्तान वाले पंजाब में किसान जो पराली जला रहे हैं, वो वातावरण को कितना प्रदूषित कर रहा है। आप बस, दिवाली छोड़ दें, तो मुस्लिम राष्ट्र पाकिस्तान में उतने ही इवेंटजीवी हैं, जितने कि भारतीय। आप कराची जाएं, बाकायदा पटाखा बाजार है वहां। पटाखों से भरे बाज़ार आपको पाकिस्तान के लगभग हर बड़े शहर में मिलेंगे। रावलपिंडी, क्वेटा, कहूटा, कराची, लाहौर समेत सिंध के कई सारे शहर, पटाखे निर्माण के केंद्र हैं, जहां हर साल पांच-दस लोगों की मौत की ख़बर आम बात है। वर्ष 2022 में, पाकिस्तान ने 5.46 मिलियन डॉलर के पटाखों का निर्यात किया था, जिससे वह दुनिया में पटाखों का 16वां सबसे बड़ा निर्यातक बन गया। पाकिस्तान से पटाखों के निर्यात के मुख्य गंतव्य हैं : तुर्की, नाइजीरिया, और अफ़ग़ानिस्तान। बैन लगाने के बावजूद, पाकिस्तान में न तो पटाखों का निर्माण रुका, न ही शादी-विवाह, क्रिकेट, शबे बारात, ईद जैसे उत्सवों पर पाकिस्तानी अवाम पटाखे छोड़ने से बाज़ आया।

यों, चीनी पटाखे पूरी दुनिया के बाज़ार में घुसे हुए हैं। लेकिन, जो देश पर्यावरण को लेकर सबसे सरोकारी दिखते हैं, वो किस क़दर पटाखे के निर्यात में लिप्त हैं, आंकड़े देखकर हैरानी होती है। पिछले साल पूरी दुनिया में पटाखों का कारोबार डेढ़ अरब डॉलर का था। यह हर साल लगभग पच्चीस से तीस फीसद की दर से बढ़ रहा है। चीन, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड और स्पेन पटाखों के शीर्ष निर्यातक देश बनकर उभरे हैं, जिनका सामूहिक रूप से आतिशबाजी निर्यात से कुल अंतर्राष्ट्रीय राजस्व में 95 प्रतिशत योगदान रहा है। तो क्या इन देशों की कोई जवाबदेही नहीं बनती है?

यह कितना बड़ा मज़ाक़ है, दिल्ली जैसी राजधानी जहां पीएम से लेकर सारा मंत्रालय, सुप्रीम कोर्ट और पटाखों पर प्रतिबन्ध को लागू कराने वाली सारी एजेंसियां मौजूद हैं, उनके रहते अराजक लोगों ने राष्ट्रीय राजधानी को गैस चेंबर में तब्दील कर दिया। किसी से कहिये, उसका पहला रिएक्शन होगा, 'यह कोई नई बात नहीं है। हिन्दू यदि दिवाली में आतिशबाज़ी करते हैं, तो क्रिसमस-नववर्ष समारोहों को भी देखिये।' आप दिल्ली जैसी वास्तुकला, खानपान वाला कोई दूसरा शहर दक्षिण एशिया में ढूंढेंगे, तो उसका नाम है लाहौर। यहां पटाखे से लेकर पराली तक बैन है, लेकिन लाहौर की एक करोड़ 40 लाख आबादी बेदम है। एयर क्वालिटी इस क़दर ख़तरनाक़ हो चुकी है, कि पांचवीं तक के सारे जूनियर स्कूलों के क्लास फ़िज़ां सामान्य होने तक स्थगित कर दिए गए हैं।

पर्यावरण मंत्री मरियम औरंगजेब ने कहा कि अमृतसर और चंडीगढ़ से आने वाली पूर्वी हवाएं पिछले दो दिनों से लाहौर में प्रदूषण से संबंधित वायुमंडल में प्रदूषण सूचकांक को 1,000 से अधिक तक बढ़ा रही हैं। पाकिस्तानी पंजाब इस मुद्दे को नई दिल्ली के समक्ष उठाने के लिए सोमवार को विदेश मंत्रालय को पत्र भेज चुका है। ज़रूरत पड़ने पर मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ पंजाब के सीएम से मिलेंगी। कुछ दिन पहले, मुख्यमंत्री मरियम नवाज़ ने दिवाली के एक समारोह में संकेत दिया था कि वह धुंध के खिलाफ संयुक्त मोर्चा बनाने के लिए भारतीय पंजाब के मुख्यमंत्री से संपर्क करेंगी।


पर्यावरण मंत्री मरियम औरंगजेब ने स्वीकार किया कि हवा की दिशा नहीं बदली जा सकती, और सीमा पार धुंध के मुद्दे को केवल बातचीत के जरिए ही सुलझाया जा सकता है। उन्होंने इसे पीढ़ी दर पीढ़ी जीवित रहने का मामला बताते हुए इसका राजनीतिकरण किये जाने के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने ईंट-भट्ठा मालिकों और ट्रांसपोर्टरों को उत्सर्जन को बदतर बनाने के विरुद्ध चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि सरकार निर्माण परियोजनाओं को अस्थायी रूप से बंद करने और लॉकडाउन लगाने सहित सख्त कदम उठा सकती है। 'उल्लंघन करने वालों के खिलाफ मामले दर्ज किए जा सकते हैं, उन्हें गिरफ्तार भी किया जा सकता है।'

लेकिन, सवाल है कि मरियम नवाज़ की पर्यावरण डिप्लोमेसी से दोनों तरफ के किसान पराली जलाना बंद कर देंगे? मरियम नवाज़ से लेकर मरियम औरंगजेब तक किसानों को प्रदूषण फैलाने का कसूरवार नहीं मानतीं। ठीक उसी तरह के बयान, जैसे दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय पराली जलाने वाले किसानों के विरुद्ध कुछ कहने से कतराते हैं। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने भी ऐसा कोई बयान नहीं दिया, जिसमें पराली जलाने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई का संकेत हो। फिर दोनों पंजाब के सीएम आपस में बात करके निदान क्या निकालेंगे? क्या इस पर्यावरण डिप्लोमेसी में किसान प्रतिनिधियों की शिरकत होगी? और क्या उत्सवों-खुशियों में पटाखे फोड़ कर प्रदूषण फैलाने वाली पीढ़ी इससे बाज़ आएगी? केंद्र-राज्य सरकारें, अदालतें, क़ानून का पालन कराने वाली एजेंसियां क्या सचमुच पर्यावरण-अपराधियों को रोकने में सक्षम हैं? विश्व स्वास्थ्य संगठन ने ताज़ा बयान दिया है कि इस बार जिस तरह हवा दूषित हुई है, दिल्ली-लाहौर के लोगों की आयु साढ़े सात साल कम हो चुकी है। यूनिसेफ के अनुसार, 'दक्षिण एशिया में लगभग 600 मिलियन बच्चे उच्च स्तर के वायु प्रदूषण के संपर्क में हैं।' पाकिस्तान प्रतिवर्ष लगभग 7.2 मिलियन मीट्रिक टन कोयले का उपयोग बिजली उत्पादन में करता है, जो देश की कुल कोयला खपत का 47.3 प्रतिशत है। ईंट-भट्ठा उद्योग में कोयले की खपत का 21.5 प्रतिशत हिस्सा है, जबकि सीमेंट उद्योग और अन्य क्षेत्रों में 31.2 प्रतिशत हिस्सा है। बची-खुची एयर क्वालिटी को खटारा वाहनों ने बर्बाद कर दिया। इधर भी अराजक स्थिति, और उधर भी वैसा ही हाल, तो प्रदूषण कम कैसे करेंगे?

## जीवन मंत्र | सद्गुरु जग्गी वासुदेव

# जीवन : सांप-सीढ़ी का खेल

मैं क्यों बार-बार कहता हूं कि पूरा खेल सांप और सीढ़ी का है। आप सीढ़ी से चढ़ते हैं और वहां बहुत खुश होते हैं। उससे जो सुख मिलता है, वह आपके अच्छे कर्मों के कारण मिलता है। वह आपको संतुष्ट कर सकता है और फिर आप सांप से होकर नीचे चले जाते हैं। जैसे ही दुख आता है, आप खोजना शुरू करते हैं और एक बार फिर विकास होता है।



आपके जो भी पिछले कर्म हैं, वे कुछ-कुछ ऐसे ही हैं, मानो तीस साल की उम्र तक आपने एक करोड़ रुपये कमा लिए। अब आप या तो इसे लुटा सकते हैं या बढ़ा सकते हैं। पिछले जन्मों में हो सकता है कि आपने अपने भीतर कुछ संपत्ति बनाई हो। इस जीवन में आप या तो उसमें कुछ जोड़ सकते हैं या फिर उसे लुटा सकते हैं, लेकिन निश्चत रूप से उसके कुछ गुण आपमें रहेंगे। यह भी संभव है कि जागरूकता के अभाव में वे व्यर्थ चले जाएं। हो सकता है, आपकी आध्यात्मिक साधना के कारण वह संपदा भौतिक सुख के रूप में प्रकट हो- जैसे एक अच्छा घर, उचित वातावरण या आपके चारों ओर भले लोग। इन सबके बावजूद हो सकता है कि आप इनका उपयोग न कर पाएं और बस संतुष्ट बने रहें। यह एक पूरा चक्र है। मैं क्यों बार-बार कहता हूं कि पूरा खेल सांप और सीढ़ी का है। आप सीढ़ी से चढ़ते हैं और वहां बहुत खुश होते हैं। उससे जो सुख मिलता है, वह आपके अच्छे कर्मों के कारण मिलता है। वह आपको संतुष्ट कर सकता है और फिर आप सांप से होकर नीचे चले जाते हैं। जैसे ही दुख आता है, आप खोजना शुरू करते हैं और एक बार फिर विकास होता है। आप इसे व्यर्थ गंवाकर पुनः नीचे जा सकते हैं। अपनी ऊर्जा को व्यर्थ गंवा देना एक मूर्ख का तरीका हो सकता है। लेकिन जिस व्यक्ति में पर्याप्त विवेक है, वह अपनी हर सांस विकास की ओर कदम बढ़ाता है। यह बिल्कुल संभव है। किसी-किसी व्यक्ति को सैकड़ों बार याद दिलाने के बाद भी वह नहीं जागता, तो ऐसे में हम क्या कर सकते हैं? उसे एक बार फिर दुख भोगना पडे़गा और तब शायद वह अपने विकास की तलाश शुरू करे। यह संपूर्ण आध्यात्मिक प्रक्रिया आबादी के एक प्रतिशत लोगों के साथ भी नहीं हो रही। बाकी लोगों के साथ जब सब कुछ ठीक चल रहा होता है, वे हंसते हैं और जब कुछ बुरा होने लगता है, तब रोते हैं। इस संसार में बहुत कम लोग हैं, जो हर स्थिति में ठीक और संतुलित बने रहते हैं। उनके लिए कुछ भी बहुत बड़ा आशीर्वाद नहीं है; कुछ भी समस्या नहीं है। हर चीज बस एक और जीवन की परिस्थिति मात्र है, जिसके जरिये वे मुक्त हो सकते हैं। शेष सभी लोगों की परिस्थिति जहां धक्का देगी, वे उधर जाएंगे। वे जानवरों की तरह हैं। आप एक मानव शरीर धारण किए हुए हैं, नहीं तो वाकई कोई अंतर नहीं है।

अगर अंतर आना है, तो वह केवल जागरूकता से आएगा, दूसरा कोई तरीका नहीं। जब जागरूकता पैदा होती है, तब आप में करुणा और प्रेम स्वाभाविक रूप से आते हैं। तब आपकी हर सांस विकास की एक सीढ़ी बन जाती है।

## जीवन ऊर्जा

लियोन ट्रॉट्स्की: जन्म- 7 नवंबर 1879 | जन्म

# आप युद्ध में रुचि न लें, लेकिन युद्ध आपलियोन ट्रॉट्स्की में रुचि लेता है

लियोन ट्रॉट्स्की एक रूसी क्रांतिकारी नेता, मार्क्सवादी सिद्धांतकार और बोल्शेविक क्रांति के प्रमुख व्यक्तियों में से एक थे। उनका जन्म 7 नवंबर 1879 को हुआ था। उन्होंने रेड आर्मी की स्थापना में अहम भूमिका निभाई। राजनीतिक मतभेदों के कारण उन्हें निर्वासित किया गया और 21 अगस्त 1940 को उनकी हत्या कर दी गई।



जिंदगी आसान नहीं है आप इसे बिना निराशा और कठोरता के जी नहीं सकते, जब तक आपके पास एक महान विचार न हो, जो आपको व्यक्तिगत दुख, कमजोरी और सभी प्रकार के विश्वासघात और नीचता से ऊपर उठा दे। आप युद्ध में रुचि न लें, लेकिन युद्ध आप में रुचि लेता है। अंत साधनों को सही ठहरा सकता है, बशर्ते कि अंत को सही ठहराने के लिए कुछ हो। सीखने में कुछ खतरे होते हैं, क्योंकि एक को अनिवार्यता से अपने दुश्मनों से सीखना होता है। एक गंभीर संघर्ष में, अनुचित समय पर उदारता दिखाने से बुरा कुछ नहीं होता। मनुष्य को खुद को पहचानने दें, अपने लिए धरती को महसूस करने दें, और अपने व्यक्तिगत अनुभव में खुशी महसूस करने दें। अगर हमारे पास अधिक समय होता, तो शायद हम बहुत अधिक गलतियाँ करते। शांति या युद्ध में कोई भी पूर्ण नियम नहीं होते, सब कुछ परिस्थितियों पर निर्भर करता है। अंततः, पार्टी संगठन खुद पार्टी का स्थान ले लेता है, केंद्रीय समिति संगठन का स्थान ले लेती है, और अंत में एक तानाशाह केंद्रीय समिति का स्थान ले लेता है। किसी व्यक्ति के चरित्र की गहराई और ताकत उसके नैतिक भंडार से परिभाषित होती है। क्रांति की सबसे अद्वितीय विशेषता जनता का ऐतिहासिक घटनाओं में सीधा हस्तक्षेप है। बल में विश्वास न करना उसी तरह है जैसे गुरुत्वाकर्षण में विश्वास न करना। जो विचार आग में प्रवेश करता है, वह हमेशा के लिए वहीं सुरक्षित रहता है। क्रांतियाँ हमेशा शब्दों से भरी होती हैं। तानाशाही का भाग्य उसके पुलिस तंत्र के हाथों में होता है। बुढ़ापा वह सबसे अप्रत्याशित चीज है, जो किसी व्यक्ति के साथ घटित होती है। जहाँ शक्ति की आवश्यकता होती है, वहां इसे साहसपूर्वक, निर्णायक रूप से और पूर्ण रूप से लागू करना चाहिए।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# भगवान शंकर के आलौकिक नृत्य

एक अन्य कथा के अनुसार एक बार भगवान शंकर के मन में एक आलौकिक नृत्य करने की इच्छा हुई। उसे देखने के लिए सभी देवता, यक्ष, ऋषि, गन्धर्व इत्यादि कैलाश पर एकत्र हुए।

स्वयं महाकाली ने उस सभा की अध्यक्षता की। देवी सरस्वती तन्मयता से अपनी वीणा बजाने लगी

भगवान विष्णु मृदंग बजाने लगे, माता लक्ष्मी गायन करने लगीपरमपिता ब्रह्मा हाथ से ताल देने लगे इंद्र मुरली बजाने लगे एवं अन्य सभी देवताओं ने अनेक वाद्ययंत्रों से लयबद्ध स्वर उत्पन किया।

तब महादेव ने नटराज का रूप धर कर ऐसा अद्भुत नृत्य किया जैसा आज तक किसी ने नहीं देखा था। उस मनोहारी नृत्य को देख कर सभी अपनी सुध-बुध खो बैठे।

जब नृत्य समाप्त हुआ तो सभी ने एक स्वर में महादेव को साधुवाद दिया। महाकाली तो इतनी प्रसन्न हुई कि उन्होंने कहा प्रभुआपके इस नृत्य से मैं इतनी प्रसन्न हूँ कि मुझे आपको वर देने की इच्छा हुई है। अतः आप मुझसे कोई वर मांग लीजिये।



तब महादेव ने कहा - ऱदेवी ! जिस प्रकार आप सभी देवगण मेरे इस नृत्य से प्रसन्न हो रहे हैं उसी प्रकार पृथ्वी के सभी प्राणी भी हों, यही मेरी इच्छा है। अब मैं तांडव से विरत होकर केवल रासकरना चाहता हूं।

भगवान शंकर ने राधा का अवतार लिया और फिर दोनों ने मिलकर देवदुर्लभ महारासकिया जिससे सभी पृथ्वी वासी धन्य गए। यही कारण है कि देवी भागवत में श्रीकृष्ण को माता काली का अवतार बताया गया है

तो इस प्रकार अपस्मार को अपने पैरों के नीचे दबाये अभय मुद्रा में भगवान शंकर का नटराज स्वरुप ये शिक्षा देता है कि यदि हम चाहें तो अपने किसी भी दोष को स्वयं संतुलित कर उसका दलन कर सकते हैं।

महादेव का नटराज स्वरुप पाप के दलन का प्रतीक तो है ही किन्तु उसके साथ-साथ आत्मसंयम एवं इच्छाशक्ति का भी प्रतीक है।



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## सक्सेस मंत्र

### असफलता के डर को साइड कर आगे बढ़ाएं कदम

सफलता का डर इतना बड़ा होता है, कुछ लोग अपनी मंजिल की ओर कदम ही नहीं बढ़ा पाते हैं। आपको जब भी लगे कि आपका आत्मविश्वास डगमगा रहा है, तो अपने आपसे यही सवाल पूछें कि अगर सफल नहीं हुए तो ज्यादा से ज्यादा बुरा क्या हो सकता है? साथ ही यह भी सोचें कि अगर जीत गए तो? जिस पल दिलो-दिमाग बुरे के लिए तैयार होंगे, समझ जाइए उसी पल आधी जीत तो पक्की हो गई। यही बात हमारी आज की कहानी में भी बताई गई है। एक हास्य कलाकार रेडियो स्टेशन में काम करता था। उसका प्रोग्राम काफी लोकप्रिय था। एक दिन उसके पास एक अखबार से फोन आया कि वे उसपर लेख लिखना चाहते हैं। इंटरव्यू पूरा हुआ तो उससे पूछा गया कि आप आगे क्या करने की सोच रहे हैं? तब तक उसने अपने भविष्य के बारे में कुछ भी नहीं सोचा था। एकदम से उसके मुंह से निकला कि मैं सबसे तेज बोलने का गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाना चाहता हूं। अखबार में अगले दिन वह लेख छपा और इत्तेफाक से उसी दिन शाम को उसके पास एक अन्य शो का ऑफर आया। शो के संचालक चाहते थे कि उसी रात उनके प्रोग्राम पर वह शख्स रिकॉर्ड तोड़ने की कोशिश करे। वह व्यक्ति बड़ी कशमकश में फंस गया था। उसे समझ में नहीं आ रहा था कि वह हां करे या ना करे। उसने पहले कभी शो का नाम नहीं सुना था। बताया गया कि वह नेशनल टेलीविजन का बड़ा शो था। किसी के लिए भी यह जिंदगी का ऐसा मौका था, जो दोबारा नहीं मिलने वाला था। कुछ देर सोचने के बाद उसने शो के संचालक को अपनी सहमति दे दी। फोन रखने के साथ ही वह सोच में पड़ गया कि मैं शो पर क्या करूंगा। वह घबराया हुआ था और उत्साहित भी। रात 8 बजे गाड़ी उसे लेने आ गई। वह पूरे रास्ते अभ्यास करता रहा। पर स्टूडियो में पहुंचने पर उसकी बोलती बंद हो गई। उसके मन में कई सवाल उमड़ रहे थे कि अगर मैं रिकॉर्ड न तोड़ पाया तो? यहां भी सबसे बुरा क्या हो सकता है, यह कि मैं नेशनल टेलीविजन पर एक मूर्ख जैसा लगूंगा और इसके उलट मैंने रिकॉर्ड तोड़ दिया तो। मन में इन सवाल-जवाबों के बीच वह परीक्षा की उस घड़ी में कूद गया। शो खत्म होने तक वह 1 मिनट में 585 शब्द बोलकर सबसे तेज बोलने वाला पुरुष बन चुका था।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com **कार्यकारी संपादक :** राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## न्यूज़ ब्रीफ

### रातों-रात बुलडोजर से नहीं गिरा सकते लोगों के घर - सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को सड़क चौड़ा करने के लिए उचित प्रक्रिया का पालन किए बगैर लोगों के घरों को तोड़े जाने पर उत्तर प्रदेश सरकार को कड़ी फटकार लगाई है। शीर्ष अदालत ने इसे गंभीरता से लेते हुए महराजगंज में लोगों के घरों को तोड़ने के लिए अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई को 'अत्याचारी कृत्य और अवैध बताते हुए कहा कि आप (राज्य सरकार) रातों-रात लोगों के घरों को बुलडोजर से नहीं गिरा सकते।

### केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को यूट्यूब का गोल्डन बटन मिला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को बुधवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म यूट्यूब का गोल्डन बटन दिया गया है। उनके यूट्यूब पर 10 लाख सब्सक्राइबर हो गए हैं। नितिन गडकरी ने 2021 में अपना यूट्यूब चैनल शुरू किया था, जिस पर अभी तक लगभग 4,200 वीडियो पोस्ट किए गए हैं।

### तेलंगाना सरकार का जाति सर्वेक्षण शुरू

**हैदराबाद।** तेलंगाना सरकार का व्यापक सामाजिक-आर्थिक, रोजगार, राजनीतिक और जाति सर्वेक्षण बुधवार को शुरू हो गया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने विधानसभा चुनाव के दौरान जाति आधारित सर्वेक्षण कराने का वादा किया था। राज्य के परिवहन मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) कार्यालय में सर्वेक्षण की शुरुआत की। उन्होंने नागरिकों से बिना किसी आशंका के सर्वेक्षणकर्ताओं को जानकारी देने का आग्रह किया। प्रभाकर ने कहा कि जानकारी गोपनीय रहेगी और सर्वेक्षण का उद्देश्य असमानताओं को दूर करना एवं सभी के लिए समान न्याय सुनिश्चित करना है।

### भड़काऊ भाषण देने के आरोप में मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ FIR दर्ज

**कोलकाता।** कोलकाता के बिधाननगर पुलिस स्टेशन में महीने उत्तर 24 परगना जिले में एक पार्टी कार्यक्रम के दौरान कथित तौर पर भड़काऊ भाषण देने के आरोप में अभिनेता से भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती के खिलाफ (6 नवंबर) को FIR दर्ज की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, चक्रवर्ती के खिलाफ शिकायत 27 अक्टूबर को साल्ट लेक इलाके में ईजेडसीसी में एक भाजपा कार्यक्रम के दौरान दिए गए भाषण से संबंधित है। इस शिकायत के आधार पर पुलिस ने बिधाननगर दक्षिण पुलिस स्टेशन में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। जिस कार्यक्रम में मिथुन चक्रवर्ती ने कथित भड़काऊ भाषण दिया उसमें केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह भी मौजूद थे। यह कार्यक्रम भाजपा के सदस्यता अभियान की शुरुआत के लिए आयोजित किया गया था।

# दिल्ली में यमुना किनारे नहीं होगी छठ पूजा

■ **हाईकोर्ट ने याचिका खारिज की कहा- पानी बहुत ज्यादा प्रदूषित इससे लोगों की सेहत बिगड़ेगी**



एजेंसी । नई दिल्ली

दिल्ली हाईकोर्ट ने यमुना तटों में छठ पूजा मनाने की परमिशन देने से इनकार कर दिया है। कोर्ट ने बुधवार को कहा कि नदी का पानी बहुत प्रदूषित है। इसमें पर्व मनाने से लोगों की सेहत बिगड़ सकती है। चीफ जस्टिस मनमोहन और जस्टिस तुषार राव गेडेला की बेंच ने कहा कि दिल्ली में 1000 जगहों पर छठ मनाने के इंतजाम किए गए हैं, वहां जाकर लोग पर्व मना सकते हैं।

### पूर्वांचल नव निर्माण संस्थान ने दायर की थी याचिका

याचिका पूर्वांचल नव निर्माण संस्थान ने दायर की थी। इसमें दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के 29 अक्टूबर 2021 के एक नोटिफिकेशन को चुनौती दी गई थी। इस नोटिफिकेशन में यमुना किनारे उत्सव स्थल बनाने पर बैन लगा दिया गया था। याचिकाकर्ता ने कहा कि बैन कोविड-19 के दौरान लगाया गया था। मगर कोर्ट ने प्रदूषित नदी का हवाला देते हुए कहा कि छठ पूजा के लिए लोग यमुना के जहरीले पानी में न जाएं, इसलिए यह बैन लगाया गया है।

### हमारे दिमाग साफ नहीं, इसलिए यमुना भी प्रदूषित : हाईकोर्ट

सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा है कि यमुना में डुबकी लगाने से लोगों की तबियत खराब हुई है। यहां तक कि उन्हें अस्पताल में भी भर्ती करवाना पड़ गया है। ऐसे में इस याचिका पर किसी भी तरह का आदेश देने से लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ सकता है। कोर्ट ने यमुना के बढ़ते प्रदूषण पर भी चिंता जताई और कहा- हम नदी में सीवेज छोड़ना को जारी नहीं रख सकते। यह इंडस्ट्रियल सीवेज नहीं है, ह्यूमन सीवेज है। नदी के किनारे अवैध कालोनियां बनाई गई हैं। इनका अनट्रीटेड सीवेज नदी में जा रहा है। जब याचिकाकर्ता ने कहा कि बैन लगाने की जगह यमुना को साफ किया जा सकता है, तो बेंच ने कहा- 'हम अपने दिमाग साफ नहीं कर रहे हैं। अगर इसे साफ कर सकते हैं तो यमुना को भी जल्दी साफ कर सकते हैं। हम सभी इस पर सहमत हैं कि हमें यमुना को साफ करना है लेकिन यह हमारी प्राथमिकता में नहीं है।'

# आम यात्रियों के लिए नॉन एसी की 110 अमृत भारत ट्रेन चलेंगी

■ **2466 कोच उत्पादन का लक्ष्य तीन साल में**

एजेंसी । नई दिल्ली

देश के आम रेल यात्रियों की सुविधा के लिए सरकार अगले तीन वर्षों में नॉन एसी की 110 अमृत भारत ट्रेन चलाने की तैयारी कर रही है। रेलवे बोर्ड ने इस अविध में कुल 2466 कोच उत्पादन का लक्ष्य तय कर दिया है। खास बात यह है कि रेलवे 266 कोच गार्ड, लगेज और दिव्यांगों के लिए बना रहा है। शेष में स्लीपर, जनरल कोच और पेंट्रीकार शामिल हैं। रेलवे बोर्ड के दस्तावेजों के अनुसार रेल कोच फैक्टरी कपूरथला, रायबरेली और चेन्नई में वित्तीय वर्ष 2024-25, 25-26 और 26-27 के लिए कोच उत्पादन का लक्ष्य तय कर दिया है। इसमें चालू वित्तीय वर्ष में लगभग 17 नई अमृत भारत ट्रेन चलाने के लिए कुल 382 कोच का उत्पादन किया जाएगा। 2025-26 में 854 (38 अमृत भारत) और 2026-27 में 1230 कोच (55 अमृत भारत) उत्पादन का लक्ष्य है। रेलवे बोर्ड के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि तीन साल में 110 अमृत भारत ट्रेन पटरियों पर दौड़ने लगेंगी। इनमें 1210 कोच जनरल श्रेणी और 880 स्लीपर के होंगे। जबकि 266 कोच गार्ड, लगेज और दिव्यांगों के लिए आरक्षित होंगे। उन्होंने बताया कि नई डिजाइन के कोच में लगेज रखने के अलावा गार्ड और दिव्यांग अनुकूल सीट-बर्थ होती हैं। सभी अमृत भारत में पेंट्रीकार (एसी) होगी।



### 12 करोड़ सालाना यात्री क्षमता बढ़ेगी

- 110 नई अमृत भारत ट्रेन चलने से भारतीय रेल में सालाना लगभग 12 करोड़ यात्री क्षमता बढ़ जाएगी। इनसे प्रति दिन 33 हजार अतिक्ति यात्री सफर कर सकेंगे।
- 22 कोच वाली अमृत भारत में 12 स्लीपर, आठ जनरल और दो गार्ड कोच होंगे।
- 800 किलोमीटर अथवा इससे अधिक दूरी तय करने वाली इन ट्रेन में पेंट्रीकार की व्यवस्था से यात्रियों को ताजा और सस्ता खाना उपलब्ध कराया जाएगा।

### रफ्तार ज्यादा, किराया कम

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गत वर्ष बड़े पैमाने पर देश भर में आम लोगों के लिए नई प्रकार की सुपरफास्ट अमृत भारत चलाने की घोषणा की थी। केसरिया रंग ही यह ट्रेन पुल-पुश तकनीक से 130 किलोमीटर प्रति घंटा की रफ्तार पर दौड़ने में सक्षम हैं। पुल-पुश तकनीक में ट्रेन के आगे-पीछे इंजन लगते हैं। इससे उनकी औसत रफ्तार अधिक होती है। ऐसे में यह अमृत भारत मेल-एक्सप्रेस से तेज राजधानी-शताब्दी, वंदे भारत की रफ्तार से दौड़ेगी, पर इसका किराया राजधानी-शताब्दी से कम होगा। ट्रेन में जनरल श्रेणी के कोच की बर्थ में भी कुशन लगे होंगे।

# कार के लाइसेंस पर 7500kg व्हीकल चलाने पर रोक नहीं

**सुप्रीम कोर्ट ने 2017 का फैसला बरकरार रखा**



एजेंसी । नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने कार के लाइसेंस यानी लाइट मोटर व्हीकल (LMV) लाइसेंस होल्डर्स को 7,500 किलो तक वजन वाली गाड़ियां चलाने की परमिशन दे दी है। बुधवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट ने कहा कि ऐसा कोई डेटा नहीं है, जो साबित करता हो कि LMV ड्राइविंग लाइसेंस होल्डर्स देश में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं। चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुआई वाली 5 जजों की बेंच ने फैसला सुनाते हुए कहा कि यह मुद्दा LMV ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले ड्राइवरों की रोजी-रोटी से जुड़ा है। कोर्ट ने केंद्र से कानून में संशोधन प्रक्रिया जल्द पूरी करने को भी कहा।

### बीमा कंपनियों के लिए झटका

सुप्रीम कोर्ट का फैसला बीमा कंपनियों के लिए झटका माना जा रहा है। बीमा कंपनियां हादसों में एक निश्चित वजन के ट्रांसपोर्ट व्हीकल के शामिल होने और नियम मुताबिक ड्राइवरों को उन्हें चलाने के लिए अधिकृत न होने पर क्लेम खारिज कर रही थीं।

### 76 याचिकाओं पर सुनवाई

18 जुलाई 2023 को सुप्रीम कोर्ट की कॉन्स्टिट्यूशनल बेंच ने इस कानूनी सवाल से जुड़ीं 76 याचिकाओं पर सुनवाई शुरू की थी। प्रमुख याचिका बजाज अलायंस जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड की तरफ से दाखिल की गई थी।

# J&K विधानसभा में 370 बहाली का प्रस्ताव पास

**बीजेपी विधायकों का हंगामा, दस्तावेज की कॉपी फाड़ीं**

**CM उमर अब्दुल्ला का पुतला जलाया**




एजेंसी । श्रीनगर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा ने राज्य के स्पेशल स्टेटस (अनुच्छेद 370) को फिर से बहाल करने का प्रस्ताव पास कर दिया है। हालांकि BJP विधायकों ने इसका विरोध किया और प्रस्ताव की कॉपियां फाड़ दीं। विधायक वेल में जाकर नारेबाजी करते रहे। बीजेपी का आरोप था कि स्पीकर ने मंत्रियों की बैठक बुलाई और खुद ही प्रस्ताव का मसौदा तैयार किया। इसके बाद विधायकों ने बेंच पर चढ़कर हंगामा किया। हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। वहीं बीजेपी अध्यक्ष सत शर्मा की अगुआई में पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी कार्यालय में इकट्ठा होकर जम्मू-कश्मीर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला और डिप्टी सीएम सुरिंदर चौधरी का पुतला भी जलाया। भाजपा ने आरोप लगाया कि नेशनल कॉन्फ्रेंस जम्मू-कश्मीर के लोगों को गुमराह कर रही है और कहा कि कोई भी विधानसभा अनुच्छेद 370 और 35ए को वापस नहीं ला सकती। सदन की कार्रवाई शुरू होते ही जम्मू-कश्मीर के डिप्टी CM सुरिंदर चौधरी ने विशेष दर्जे को बहाल करने के लिए प्रस्ताव पेश किया, जिसे केंद्र ने 5 अगस्त, 2019 को रद्द कर दिया था। इसमें कहा गया, 'राज्य का स्पेशल स्टेटस और संवैधानिक गारंटियां महत्वपूर्ण हैं। यह जम्मू-कश्मीर की पहचान, कल्चर और लोगों के अधिकारों की सुरक्षा करता है। विधानसभा इसे एक तरफा हटाने पर चिंता व्यक्त करती है। भारत सरकार राज्य के स्पेशल स्टेटस को लेकर यहां के प्रतिनिधियों से बात करे। इसकी संवैधानिक बहाली पर काम किया जाए।

# पुडुचेरी में 16 साल की लड़की से रेप

**पहले ऑटो वाले ने फिर आईटी कर्मियों ने गैंगरेप किया**



एजेंसी । पुडुचेरी

पुडुचेरी में 16 साल की लड़की से रेप का मामला सामने आया है। पहले एक ऑटो वाले ने उसका रेप किया, फिर IT इंडस्ट्री में काम करने वाले लोगों के एक ग्रुप ने उसका गैंगरेप किया। लड़की मुंबई की रहने वाली थी, जो दिवाली पर अपने परिवार से मिलने पुडुचेरी आई थी। 30 अक्टूबर को घर में झगड़ा होने पर लड़की अपने दोस्त से मिलने निकल गई थी। इस दौरान उसने ऑटो बुक किया, लेकिन ऑटो ड्राइवर ने उसका शोषण किया। इसके बाद उसने लड़की को ऑरोविल छोड़ दिया। यहां पर उसने चेन्नई की तरफ जा रहे IT कर्मियों के एक ग्रुप से लिफ्ट मांगी, लेकिन वे लोग उसे कहीं और ले गए और दो दिन तक उसका गैंगरेप किया। इसके बाद उसे कैब में बिठाकर पुडुचेरी रवाना कर दिया। दो दिन बाद लड़की पुडुचेरी के एक समुद्र तट गंभीर हालत में मिली। लड़की की मां ने 31 अक्टूबर को उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने ऑटो ड्राइवर और 3 IT कर्मियों को POCSO एक्ट के तहत गिरफ्तार कर लिया है। 3 अन्य की तलाश जारी है।

# हायर एजुकेशन के लोन पर मिलेगी 75% क्रेडिट गारंटी

**पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को कैबिनेट की मंजूरी**



एजेंसी । नई दिल्ली

नई दिल्ली में बुधवार को हुई मोदी कैबिनेट की बैठक में पीएम विद्यालक्ष्मी योजना को मंजूरी दे दी गई। इसमें हायर एजुकेशन के लिए 7.5 लाख रुपए तक के लोन पर भारत सरकार 75% क्रेडिट गारंटी देगी। 8 लाख रुपए सालाना आय वाले परिवार के बच्चों को 10 लाख रुपए तक के लोन पर 3% ब्याज अनुदान भी दिया जाएगा। 4.5 लाख रुपए तक की सालाना आय वाले छात्रों को पहले से पूर्ण ब्याज अनुदान मिल रहा है। इस योजना के दायरे में देश के प्रमुख 860 हायर एजुकेशन सेंटर्स के 22 लाख से अधिक छात्र आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में कहा गया- इस योजना का उद्देश्य मेधावी छात्रों को सहायता प्रदान करना है, ताकि उनकी पढ़ाई में पैसा बाधा न बने।

# दिल्ली में तैनात होंगीं 58 नई टीमें, पलूशन रोकने की सौंपी गई जिम्मेदारी: गोपाल राय

एजेंसी । नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बढ़ते पलूशन के स्तर के बीच दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बुधवार को शहर भर में औद्योगिक इकाइयों की निगरानी करने और पर्यावरण के नियमों का पालन कर रहे हैं या नहीं इसे देखने के लिए 58 निरीक्षण दल बनाने की घोषणा की है। मंत्री के कार्यालय द्वारा जारी एक बयान के अनुसार इन टीमों में दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति (डीपीसीसी) और दिल्ली राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (डीएसआईआईडीसी) के अधिकारी शामिल होंगे। राय ने कहा कि निरीक्षण दल पर्यावरण नियमों के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए नियमित रूप से औद्योगिक इकाइयों की जांच करेंगे। ये लोग इसकी जांच रिपोर्ट पर्यावरण विभाग को सौंपेंगे। ये दल किसी भी उल्लंघन के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए अधिकृत हैं। मंत्री के अनुसार दिल्ली में औद्योगिक परिचालन से होने वाले पलूशन को कम करने के प्रयासों के तहत 1901 औद्योगिक इकाइयां पहले ही पाइप्ड नेचुरल गैस (पीएनजी) पर स्विच कर चुकी हैं।

# 'कॉलर आईडी की सूचना पर भरोसा न करें'

**विशिंग हमलों को लेकर सरकारी अफसरों को एडवाइजरी जारी**



एजेंसी । नई दिल्ली

साइबर सुरक्षा एडवाइजरी में सरकारी अधिकारियों को फोन कॉल आने पर कॉलर आईडी की सूचना पर भरोसा न करने के लिए आगाह किया गया है। देश में विशिंग हमले बढ़ने के बाद यह एडवाइजरी जारी की गई है। यह साइबर हमले का एक रूप है। इसमें पीड़ित से व्यक्तिगत गोपनीय जानकारी लेने के लिए लालच दी जाती है। धोखाधड़ी वाले कॉल या वॉयस मैसेज का अनधिकृत उपयोग भी शामिल है। इससे साइबर ठग आधिकारिक प्रणालियों तक अनधिकृत पहुंच बनाते हैं। राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र द्वारा हाल में जारी एडवाइजरी में कहा गया है कि हमलावर वरिष्ठ सरकारी अधिकारी, कानून प्रवर्तन एजेंसियों या तकनीकी सहायता कर्मियों जैसे विश्वसनीय संस्थाओं के कर्मी के तौर पर संपर्क साधते हैं। इसके लिए वे कॉलर आईडी की जानकारी में हेरफेर करते हैं, ताकि ऐसा लगे कि कॉल वैध सरकारी नंबर से आ रही है।

MUDA स्कैम मनी लॉन्ड्रिंग केस

# ईडी ने कर्नाटक सीएम सिद्धारमैया से दो घंटे पूछताछ की

एजेंसी । बेंगलुरु



मैसूर अर्बन डेवलपमेंट अथॉरिटी (MUDA) स्कैम मामले में बुधवार को ED ने सिद्धारमैया से दो घंटे पूछताछ की है। पूछताछ के दौरान सिद्धारमैया ने कहा कि उन पर भाजपा और जनता दल सेक्युलर (JDS) पार्टी झूठे आरोप लगा रहे है। उन्होंने कोई गैर- कानूनी काम नहीं किया है। ED ने MUDA स्कैम केस में सिद्धारमैया, उनकी पत्नी, साले और अन्य लोगों खिलाफ केस दर्ज किया है। इससे पहले 25 अक्टूबर को सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती बी.एम से ED दो घंटे पूछताछ कर चुकी है।

# सीबीएसई ने वापस ली 21 स्कूलों की संबद्धता

**16 दिल्ली और पांच विद्यालय राजस्थान के**

**डमी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई**

**छह अन्य का दर्जा घटाया गया**

एजेंसी । नई दिल्ली



सीबीएसई ने डमी स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बुधवार को 21 विद्यालयों की संबद्धता वापस ले ली। इसमें से 16 दिल्ली, जबकि पांच राजस्थान के कोचिंग हब कोटा और सीकर में हैं। इसके अलावा छह स्कूलों का उच्चतर माध्यमिक (12वीं) का दर्जा घटाकर माध्यमिक (10वीं) कर दिया गया।

यह कदम सितंबर में राजस्थान और दिल्ली के विद्यालयों में किए गए औचक निरीक्षण के बाद उठाया गया है। निरीक्षण के दौरान इन स्कूलों में कई खामियां मिलीं थीं। सीबीएसई सचिव हिमांशु गुप्ता ने कहा कि डमी या बिना-उपस्थित प्रवेश की प्रथा, स्कूली शिक्षा के मूल उद्देश्य के विपरीत है। इससे छात्रों के आधारभूत विकास पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। इस मुद्दे के समाधान के लिए हम डमी स्कूलों के प्रसार को रोकने के लिए निर्णायक कदम उठा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं पर स्कूलों को नोटिस भेजा गया था। स्कूलों के जवाब की बोर्ड द्वारा विस्तार से जांच की गई। इसके बाद निरीक्षण निष्कर्षों और वीडियोग्राफी साक्ष्यों के आधार पर कार्रवाई की गई।

# पूर्व खनन अधिकारी से नकदी और करीब 52 लाख के आभूषण जब्त

एजेंसी । रांची



केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने अवैध खनन मामले में झारखंड में छापेमारी के दौरान साहिबगंज के पूर्व जिला खनन अधिकारी विभूति कुमार से 13 लाख रुपये से अधिक की नकदी और लगभग 52 लाख रुपये के आभूषण जब्त किए हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने उस मामले के सिलसिले में 20 स्थानों पर तलाशी अभियान शुरू किया था, जिसमें झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के पूर्व सहयोगी पंकज मिश्रा का नाम भी प्राथमिकी में दर्ज नामजद आरोपियों में हैं। अधिकारियों ने बताया कि सीबीआई के दलों ने अभियान के दौरान अब तक 75 लाख रुपये जब्त किए हैं, जिसमें कुमार के परिसरों से जब्त की गई राशि भी शामिल है।

## खबर संक्षेप

### स्कूलों में अनियमितता पर बीएसए की सख्ती

**मऊ :** मऊ जिले के कई स्कूलों में मान्यता से अधिक कक्षाएं चलने का मामला सामने आया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार उपाध्याय के निरीक्षण में घोसी ब्लॉक के दो स्कूलों में अनियमितताएं पाई गईं। एडम गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल और एडम पब्लिक स्कूल में प्रबंधक पर स्टाफ से निजी कार्य करवाने का आरोप है। बीएसए ने प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, एडम पब्लिक स्कूल को बंद करने और एक लाख रुपये का जुर्माना लगाने का आदेश दिया। वैसवाड़ा के वसीयत यलूम गर्ल्स जूनियर हाईस्कूल में शिक्षिका श्मी खातून बिना सूचना गायब थीं। सभी दोषी स्टाफ का वेतन रोक दिया गया है।

### डीजीपी की कुर्सी पर योगी सरकार का नया कदम

**लखनऊः** डीजीपी के चयन और नियुक्ति से जुड़ी कैबिनेट की हालिया बैठक में कई आईपीएस अफसरों की उम्मीदों को झटका लगा है। मनोनयन समिति के गठन के बाद, मौजूदा कार्यवाहक डीजीपी प्रशांत कुमार को स्थायी तौर पर डीजीपी नियुक्त किया जा सकता है, जिससे उन्हें दो वर्ष तक इस पद पर बने रहने का अवसर मिलेगा। इससे प्रशांत कुमार की सेवानिवृत्ति की तिथि 30 मई 2025 से बढ़कर 31 जनवरी 2026 तक हो सकती है। प्रदेश में भाजपा सरकार के दौरान अब तक 8 डीजीपी नियुक्त किए गए हैं, जिनमें से चार स्थायी रहे। इनमें ओपी सिंह दो वर्ष तक इस पद पर बने रहे। अब कैबिनेट के ताजे फैसले से प्रशांत कुमार को भी 2 वर्ष तक डीजीपी बने रहने का मौका मिल सकता है। हालांकि, इसके परिणामस्वरूप कई अन्य आईपीएस अफसरों की उम्मीदें ध्वस्त हो सकती हैं, जिनमें पीवी रामाशास्त्री, आदित्य मिश्रा, संदीप सालुंके, दलजीत सिंह चौधरी जैसे वरिष्ठ अधिकारी शामिल हैं। प्रशांत कुमार की सेवानिवृत्ति के बाद जुलाई 2026 के बाद ही नए डीजीपी के चयन पर विचार किया जाएगा।

### डाक कर्मियों की छुट्टी रद्द, मतदाता पहचान पत्र बांटे जाएंगे

**जमशेदपुरः** विधानसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से सरकारी स्तर पर कई प्रयास किए जा रहे हैं। इस कड़ी में जमशेदपुर में डाक कर्मियों की रविवार की छुट्टी रद्द कर दी गई है, साथ ही मतदाता पहचान पत्रों के वितरण का आदेश भी जारी किया गया है। सभी डाकघरों को यह निर्देश दिया गया है कि वे रविवार को भी काम करें और मतदाता पहचान पत्रों का वितरण सुनिश्चित करें। हालांकि, चुनाव आयोग और सरकारी आदेश के तहत अब वोटर वोट देने के लिए मतदाता पहचान पत्र अनिवार्य नहीं है। मतदाता 12 प्रकार की वैध पहचान पत्रों के माध्यम से भी अपना वोट डाल सकते हैं। इस फैसले से अधिक से अधिक लोगों को मतदान में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जा सकेगा।

# राहुल गांधी का सियासी अंदाज, प्रशासनिक लापरवाही पर सख्ती

**एजेंसी | रायबरेली**

लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने मंगलवार को रायबरेली में प्रशासनिक समीक्षा बैठकों में हिस्सा लिया और कई अहम निर्देश दिए। हालांकि, उन्होंने किसी बड़ी सियासी सभा का आयोजन नहीं किया, परंतु उनकी गतिविधियों ने मजबूत राजनीतिक संदेश छोड़ा।



### महिला हेल्पलाइन पर फोन कर जताई चिंता

बैठक के दौरान राहुल गांधी ने महिला हेल्पलाइन 181 पर खुद फोन किया। कॉल उठाने में देरी पर उन्होंने अधिकारियों की क्लास ली और हेल्पलाइन की कार्यप्रणाली में सुधार के निर्देश दिए। उनका यह कदम महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देने का संदेश देता है।

### 410 करोड़ की परियोजनाओं की गुणवत्ता पर सवाल

राहुल गांधी ने रायबरेली में चल रही 410 करोड़ रुपये की 182 परियोजनाओं की गुणवत्ता की जांच के आदेश दिए। यह निर्देश देते हुए उन्होंने सरकारी व्यवस्था की कमियों पर सवाल उठाया और अफसरों को चेताया कि विकास कार्यों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### स्थानीय मुद्दों पर जनसंवाद, विपक्ष की भूमिका

रायबरेली में राहुल गांधी ने न केवल शहीद चौक और सड़क का उद्घाटन किया, बल्कि क्षेत्रीय समस्याओं पर जनता से सीधे संवाद भी किया। स्थानीय लोगों से मिले प्यार का जिक्र उन्होंने सोशल मीडिया पर भी किया। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गांधी विपक्ष के एक मजबूत नेता के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे हैं और जनता से जुड़े हर मुद्दे पर सक्रियता दिखा रहे हैं।

# धर्मनगरी चित्रकूट में संघ प्रमुख का मंथन

## मोहन भागवत ने समरसता बढ़ाने और ऊंच-नीच खत्म करने का संदेश दिया

**एजेंसी | चित्रकूट**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के प्रमुख मोहन भागवत ने धर्मनगरी चित्रकूट में महाकौशल प्रांत के संघ चालकों के साथ दो दिवसीय वर्ग सम्मेलन में हिस्सा लिया। इस सम्मेलन में उन्होंने पंचतत्व – समरसता, सामाजिक जिम्मेदारी, स्वावलंबन, पारिवारिक एकता, और पर्यावरण संरक्षण – पर कार्य करने के लिए विचार-विमर्श किया और कार्यकर्ताओं को जातिवाद और ऊंच-नीच के भेदभाव को खत्म करने पर जोर दिया।



### जातिगत भेदभाव खत्म कर सामाजिक समरसता का आह्वान

संघ प्रमुख ने कार्यकर्ताओं को जातिगत भेदभाव समाप्त कर सामाजिक समरसता की दिशा में काम करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि समाज में एकता और सद्भाव बनाए रखना जरूरी है ताकि किसी प्रकार का विभाजन न हो। भागवत ने जोर दिया कि पुराने भेदभाव को त्यागकर समाज में सबको एक समान मानने की प्रवृत्ति को अपनाना चाहिए। उन्होंने संघ कार्यकर्ताओं को यह संदेश दिया कि वे लोगों के बीच जाकर सामंजस्य स्थापित करें और सामाजिक एकता को मजबूत करने में सहयोग करें। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार की अपील करते हुए भागवत ने कहा कि देश के हर व्यक्ति को स्वदेशी उत्पादों का उपयोग करना चाहिए। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे लोगों को स्वदेशी वस्त्रों, उपकरणों और अन्य वस्तुओं के उपयोग के लिए प्रोत्साहित करें ताकि देश में आत्मनिर्भरता की भावना का विकास हो। स्वदेशी अपनाने से न केवल आर्थिक स्वावलंबन बढ़ेगा बल्कि राष्ट्रीय भावना को भी मजबूती मिलेगी। संघ प्रमुख ने आज के समय में परिवारों में आ रही दूरियों पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि परिवार को एकजुट रखना आज के दौर में अत्यंत आवश्यक है।

# तेजस्वी यादव का बीजेपी पर हमला: बंटेंगे तो कटेंगे नारा नफरत फैलाने वाला

**एजेंसी | पटना**

बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के नेता तेजस्वी यादव ने भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेताओं द्वारा दिए गए 'बंटेंगे तो कटेंगे' नारे पर तीखा हमला बोला। तेजस्वी ने इस नारे को मवालियों की भाषा करार देते हुए कहा कि यह देश की एकता के खिलाफ है। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी देश को तोड़ने की कोशिश कर रही है और देश के अमन-चैन को खत्म करने की बात कर रही है। तेजस्वी ने कहा कि अगर देश एकजुट रहेगा, तभी वह तरक्की करेगा और महान बनेगा। उन्होंने 'बंटेंगे तो कटेंगे' के बजाय 'जुटेंगे' या 'जुड़ेंगे' जैसे सकारात्मक शब्दों का प्रयोग करने की बात कही। तेजस्वी ने बीजेपी पर आरोप लगाया कि वह हिंदुओं के नाम पर राजनीति कर रही है, लेकिन देश की असली समस्याओं—जैसे शिक्षा, रोजगार, गरीबी, और स्वास्थ्य—पर कोई ध्यान नहीं दे रही।



उन्होंने कहा कि बीजेपी के नेताओं की नकारात्मक सोच देश के लिए नुकसानदेह है, और वे हमेशा नफरत फैलाने की राजनीति करते हैं। तेजस्वी का मानना है कि बीजेपी का एजेंडा बंटवारे और नफरत का है, जबकि देश की तरक्की और शांति के लिए एकता की जरूरत है। बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर तेजस्वी ने वर्तमान सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि 'जंगलराज' का आकलन सिर्फ बातों से नहीं बल्कि आंकड़ों से करना चाहिए, और आंकड़े यह साबित कर रहे हैं कि मौजूदा सरकार में अपराध की घटनाओं में वृद्धि हो रही है।

# डीसीएम से टेम्पो अनियंत्रित, 10 की मौत और 5 घायल, CM योगी ने किया शोक व्यक्त

**एजेंसी | हरदोई**

हरदोई जिले के बिलग्राम कोतवाली क्षेत्र में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें टेम्पो पलटने से दस लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा रोशनपुर गांव के पास बिल्हौर-कटरा स्टेट हाईवे पर हुआ, जब अचानक सामने से आ रही एक डीसीएम ने टेम्पो को अनियंत्रित कर दिया, जिससे यह पलट गया।।



### मौके पर ही सात लोगों की मौत

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, जैसे ही डीसीएम टेम्पो के सामने आकर आई, चालक ने वाहन को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन वह सफल नहीं हो पाया और टेम्पो सड़क पर पलट गया। टेम्पो में सवार सात लोग घटनास्थल पर ही मृत पाए गए, जबकि तीन अन्य लोगों ने इलाज के दौरान सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दम तोड़ दिया। मृतकों में पांच महिलाएं, दो बच्चियां, एक बच्चा और दो पुरुष शामिल हैं। हादसे में घायल हुए पांच लोगों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलग्राम भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। घायलों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और रेस्क्यू अभियान शुरू कर दिया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। घटना के बाद डीसीएम का चालक और हेल्पर घटनास्थल से फरार हो गए हैं। पुलिस ने उनकी तलाश शुरू कर दी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वे हादसे की पूरी जांच कर रहे हैं और मृतकों की


### सीएम योगी ने जताया दुख, अधिकारियों को दिए निर्देश

बिलग्राम क्षेत्र में हुए इस भीषण सड़क हादसे का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संज्ञान लिया है। उन्होंने हादसे में मारे गए लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त की है। साथ ही, सीएम ने अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने और घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को इस घटना की जांच तेज करने और पीड़ितों को हर संभव मदद पहुंचाने के लिए भी निर्देशित किया गया है।

# महाकुंभ में रील और सेल्फी पर रोक, सुरक्षा में रहेगा पुलिस का सख्त पहरा

**एजेंसी | प्रयागराज**

महाकुंभ-2025 में श्रद्धालुओं और आम नागरिकों की सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस प्रशासन ने मेला क्षेत्र में इंटरनेट मीडिया पर रील बनाने और सेल्फी लेने पर रोक लगाने का फैसला किया है। यह प्रतिबंध मुख्य स्नान पर्वों पर उमड़ने वाली भारी भीड़ के प्रबंधन और यातायात व्यवस्था को बनाए रखने के दृष्टिकोण से आवश्यक माना गया है। मेला क्षेत्र में रील और सेल्फी लेने वालों पर पुलिस और सुरक्षाकर्मियों की कड़ी नजर रहेगी। नियम का उल्लंघन



करने पर पुलिस न केवल मोबाइल जब्त करेगी बल्कि कानूनी कार्रवाई भी करेगी। इस फैसले से यूट्यूबर, डिजिटल क्रिएटर्स और रील-सेल्फी के शौकीन युवाओं को निराशा हो सकती है। हालांकि, पुलिस ने स्पष्ट किया है कि महाकुंभ में लाखों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह कदम जरूरी है। अधिकारियों का कहना है कि स्नान घाटों, संगम नोज, बड़े हनुमान मंदिर और अन्य धार्मिक स्थलों पर भारी भीड़ के बीच रील बनाना या सेल्फी लेना असहज स्थितियां पैदा कर सकता है, जो श्रद्धालुओं की आस्था और सुरक्षा को प्रभावित कर सकती हैं। हालांकि, महाकुंभ के प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रशासन की विशेष अनुमति से कुछ स्थानों पर सेल्फी लेने या वीडियो शूट करने की छूट दी जा सकती है। यह छूट केवल उन्हीं स्थानों पर मिलेगी जहां भीड़ और यातायात की व्यवस्था प्रभावित नहीं होगी।

# सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत

## बापू भवन के पास सिटी बस की टक्कर से हुआ हादसा

**एजेंसी | लखनऊ**

में बुधवार सुबह बापू भवन के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। घटना में वजीर हसन रोड के निवासी संदीप गुप्ता की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, संदीप किसी काम से घर से निकले थे और तभी तेज रफ्तार सिटी बस ने उन्हें टक्कर मार दी।




टक्कर के बाद संदीप सड़क पर गिर गए और इसी दौरान बस का पहिया उनके सिर पर चढ़ गया, जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद बस चालक वहां से फरार हो गया, और बस में मौजूद सवारियां भी गाड़ी छोड़कर पैदल ही रवाना हो गईं। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर बस को अपने कब्जे में ले लिया है। पुलिस का कहना है कि बस चालक की पहचान की जा रही है।

## व्यापार जगत

# अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के बाद भारतीय शेयर बाजार में उछाल, सेंसेक्स और निफ्टी दोनों में आई मजबूती

**एजेंसी | नई दिल्ली**

अमेरिका में राष्ट्रपति चुनाव के नतीजे आने के बाद से ग्लोबल शेयर बाजार में हलचल देखने को मिली, जिसका असर भारतीय शेयर बाजार पर भी पड़ा। डोनाल्ड ट्रंप की शानदार जीत के बाद भारतीय शेयर बाजार में भी तेजी आई, और बुधवार 06 नवंबर 2024 को बीएसई सेंसेक्स और एनएसई निफ्टी दोनों ने मजबूत प्रदर्शन किया। सेंसेक्स 901.50 अंक यानी 1.13 प्रतिशत बढ़कर 80,378.13 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 270.75 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 24,484.05 के स्तर पर रहा।



### तेजी में सजे शेयर, कुछ में गिरावट

इस दिन कारोबार के अंत में करीब 2852 शेयरों में तेजी आई, जबकि 964 शेयरों में गिरावट आई। वहीं, 84 शेयरों में कोई बदलाव नहीं हुआ। निफ्टी की कंपनियों में सबसे ज्यादा लाभ में भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, अदानी एंटरप्राइजेज, टीसीएस, टेक महिंद्रा और इंफोसिस के शेयर रहे। वहीं, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस, टाइटन कंपनी, इंडसइंड बैंक, एचडीएफसी लाइफ और एचयूएल के शेयर नुकसान में रहे। सेंसेक्स के 30 में से 25 शेयर हरे निशान पर बंद हुए। इसमें सबसे ज्यादा लाभ में टीसीएस, इन्फोसिस, एचसीएल टेक, टेक महिन्द्रा, अडाणी पोर्ट्स, एलएंडटी, मारुति, रिलायंस और सनफार्मा के शेयर रहे। वहीं, टाइटन, इंडसइंड बैंक, हिन्दुस्तान यूनिलिवर, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयर लाल निशान पर रहे।

### भारतीय रुपया और बाजार की शुरुआत

भारतीय रुपया बुधवार को एक नया रिकॉर्ड निम्नतम स्तर 84.28 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पहले के 84.15 प्रति डॉलर के स्तर से थोड़ा नीचे था। बाजार की शुरुआत भी सकारात्मक रही थी, जहां सेंसेक्स 187.34 अंक यानी 0.24 प्रतिशत बढ़कर 79,663.97 के स्तर पर खुला था, जबकि निफ्टी 40.50 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 24,253.80 के स्तर पर खुला था। प्री-ओपनिंग सत्र में भी बेंचमार्क सूचकांकों में बढ़त रही।

# डाबर, कोका कोला सहित 10 कंपनियों को कस्टमाइज्ड पैकेज मंजूर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मंगलवार को मुख्यमंत्री मोहन यादव की अध्यक्षता में मध्य प्रदेश में निवेश संवर्धन संबंधी मंत्रिमंडल की बैठक आयोजित की गई, जिसमें प्रदेश सरकार ने 10 इकाइयों को उद्योग संवर्धन नीति के तहत कस्टमाइज्ड पैकेज देने को मंजूरी प्रदान की। यह सुविधा बड़े स्तर पर काम करने वाली इकाइयों को दी जाती है।




### 2,100 करोड़ का निवेश, 6,200 रोजगार

मध्य प्रदेश औद्योगिक विकास निगम के अधिकारियों के अनुसार, इन परियोजनाओं से प्रदेश में लगभग 2,100 करोड़ रुपये का निवेश आएगा और करीब 6,200 लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार मिलेगा। पैकेज के तहत प्रदेश सरकार इन परियोजनाओं को सस्ती बिजली, पूंजीगत अनुदान, रोजगार सृजन अनुदान और प्रशिक्षण हेतु प्रोत्साहन राशि प्रदान कर रही है।

### इन इकाइयों को मिलेगा पैकेज

बैठक में जिन इकाइयों के लिए कस्टमाइज्ड पैकेज मंजूर किए गए, उनमें टेक्सटाइल, खाद्य प्रसंस्करण, इंजीनियरिंग और एफएमसीजी क्षेत्रों की इकाइयां शामिल हैं। इनमें से टेक्सटाइल क्षेत्र में लक्ष्मीनाथ कल्पना (खरगोन), विश्वेश्वरा डेनिम (नीमच) और मोहिनी एक्टिव लाइफ (इंदौर); खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में डाबर (धार), हिंदुस्तान कोका कोला बेवरेजेस (राजगढ़), मॉडलेज (भिंड), ड्राईटेक (पांढुरना) और बेकर्सविले (इंदौर); इंजीनियरिंग क्षेत्र में शक्ति पंप (धार); और एफएमसीजी क्षेत्र में शिवानी डिटर्जेंट (धार) शामिल हैं।

# एसबीआई का अनुमान: दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि 6.5%

**एजेंसी | नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के अर्थशास्त्रियों ने चालू वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है। अप्रैल-जून में जीडीपी वृद्धि 6.7 प्रतिशत रही, जो पिछले 15 तिमाहियों में सबसे कम है। विशेषज्ञों का कहना है कि हालांकि वृद्धि दर धीमी हो सकती है, वित्त वर्ष 2024-25 में यह सात प्रतिशत तक पहुंच सकती है। एसबीआई के मुताबिक, घरेलू अर्थव्यवस्था में कुछ दबाव साफ तौर पर दिखाई दे रहा है। 50 प्रमुख संकेतकों के विश्लेषण से यह संकेत मिलता है कि कृषि, उद्योग और सेवाओं के कुछ क्षेत्रों में गिरावट हो सकती है। हालांकि, समग्र मांग में वृद्धि बनी रही, लेकिन इसकी गति पिछली तिमाहियों की तुलना में धीमी रही। एसबीआई ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्र में ट्रैक्टर और दोपहिया वाहनों की बिक्री में बढ़ोतरी हुई है। इसके अलावा, अगस्त में ग्रामीण कृषि मजदूरी में भी तेजी देखी गई है। ये संकेत हैं कि ग्रामीण मांग में वृद्धि हो रही है, जो आर्थिक सुधार की ओर इशारा करता है। हालांकि, शहरी मांग में चिंताएं बनी हैं, जो बदलती जनसांख्यिकी और त्वरित वाणिज्य की बढ़ती प्राथमिकताओं को दर्शाती हैं। एसबीआई ने अतीत में की गई नीतिगत गलतियों से बचने की आवश्यकता जताई है, जैसे कृषि ऋण माफी और न्यूनतम समर्थन मूल्य आधारित कृषि विकास, जो अत्यधिक खर्चीले साबित होते हैं और भूजल स्तर पर नकारात्मक असर डालते हैं।

# मैक्स हेल्थकेयर का Q2 FY25 में मुनाफा और रेवेन्यू बढ़ाकंपनी ने तिमाही में 1.9% मुनाफा वृद्धि दर्ज की

**एजेंसी | नई दिल्ली**

मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट ने दूसरी तिमाही (Q2 FY25) के नतीजों में 1.9% का कंसॉलिडेटेड नेट प्रॉफिट बढ़ाया, जो 281.81 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले की इसी अवधि में कंपनी ने 276.68 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया था। कंपनी का ऑपरेशंस से रेवेन्यू 25.3% बढ़कर 1,707 करोड़ रुपए हो गया, जबकि पिछले साल की समान तिमाही में यह 1,363 करोड़ रुपए था। यह वृद्धि कंपनी के हेल्थकेयर ऑपरेशंस के मजबूत प्रदर्शन को




दर्शाती है। मैक्स हेल्थकेयर ने बताया कि नई दिल्ली स्थित उसके तीन प्रमुख हॉस्पिटल्स—मैक्स बालाजी हॉस्पिटल, मैक्स स्मार्ट सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल और मैक्स साकेत सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल का वित्तीय परिणाम कंसॉलिडेटेड फाइनेंशियल स्टेटमेंट्स में शामिल नहीं किया गया। इन तीन हॉस्पिटल्स को शामिल करने पर कंपनी का कुल रेवेन्यू 2,119 करोड़ रुपए और नेट प्रॉफिट 349 करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगा। कंपनी के तिमाही नतीजों के बाद, मैक्स हेल्थकेयर के शेयर में हलचल देखने को मिली। बुधवार (6 नवंबर) को शेयर सपाट शुरुआत के बाद आधे प्रतिशत से ज्यादा उछलकर 1,049 रुपए पर कारोबार कर रहा था। एक दिन पहले 5 नवंबर को स्टॉक 1,044 रुपए पर बंद हुआ था। मैक्स हेल्थकेयर के शेयर ने पिछले एक साल में 75% का रिटर्न दिया है, जबकि 2024 में अब तक इसने 50% से अधिक की बढ़त दर्ज की है।

# पॉलीकैब इंडिया के शेयरों में तेजी, BSNL परियोजना का असर

**एजेंसी | नई दिल्ली**

पॉलीकैब इंडिया लिमिटेड के शेयरों में तेजी आई है, क्योंकि कंपनी ने भारत संचार निगम लिमिटेड (BSNL) की मिडिल माइल नेटवर्क परियोजना के लिए सबसे कम बोली लगाई है। इस खबर के बाद, कंपनी के शेयर बीएसई इंडेक्स पर 5% बढ़कर 6934.15 तक पहुंचे। यह शेयर का इंट्राडे हाई है, और 15 अक्टूबर 2024 को 7,607.15 तक पहुंचकर 52 हफ्ते का उच्चतम स्तर बना। पिछले एक साल में शेयरों में 32% की वृद्धि हुई है। कंपनी



ने कर्नाटक, गोवा और पुडुचेरी में भारत नेट के मिडिल माइल नेटवर्क के निर्माण, अपग्रेडेशन और मेंटेनेंस के लिए 4099.69 करोड़ का ऑर्डर प्राप्त किया है। परियोजना को तीन साल में पूरा किया जाएगा, और 10 साल तक मेंटेनेंस किया जाएगा। सितंबर तिमाही में कंपनी का राजस्व 5,498.4 करोड़ तक पहुंचा, जो पिछले साल से 30% अधिक है।

# एमबापे नहीं दिखा पा रहे कमाल मैड्रिड की घर में लगातार दूसरी

## नंबर गेम

- 10 गोल इस सत्र में 14 मुकाबलों में अल नासर के लिए कर चुके हैं रोनाल्डो
- 908 गोल करियर में अब तक दाग चुके हैं रोनाल्डो

## चैंपियंस लीग

- मिलान के हाथों मौजूदा चैंपियन रियाल को 3-1 से करारी हार मिली
- काइलियन छह मैच में सिर्फ एक गोल कर पाए हैं टीम के लिए अब तक




एजेंसी | मिलान

काइलियन एम्बापे की मौजूदगी में रियाल मैड्रिड को घर में लगातार दूसरी हार का सामना करना पड़ा। ला लिगा में बार्सिलोना के हाथों शिकस्त के बाद रियाल मैड्रिड को चैंपियंस लीग फुटबॉल में घरेलू दर्शकों के सामने 1-3 से हार झेलनी पड़ी। मौजूदा और 15 बार के चैंपियन रियाल मैड्रिड की यह लीग में चार मैचों में दूसरी हार है। टीम छह अंकों के साथ 17वें स्थान पर है। विश्व कप विजेता फ्रांस के स्टार फॉरवर्ड एमबापे अब तक रियाल मैड्रिड के लिए कोई कमाल नहीं दिखा पाए हैं। वह छह मैच में सिर्फ एक गोल दाग पाए हैं। इसने कोच कार्लो एंसेलोटी की चिंता बढ़ा दी है। मलिक थियाव ने 12वें मिनट में मिलान को बढ़त दिला दी थी। विनीसियस जूनियर ने 23वें मिनट में पेनाल्टी पर गोल कर रियाल मैड्रिड को बराबरी दिलाई।

## हालैंड को पेनाल्टी चूकना सिटी के लिए महंगा पड़ा

इर्लिंग हालैंड का पेनाल्टी चूकना मैनचेस्टर सिटी के लिए महंगा पड़ गया। नतीजा चौथे मिनट में बढ़त बनाने के बावजूद मैनचेस्टर सिटी को स्पोर्टिंग लिस्बन के हाथों 1-4 से शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा। फिल फोडेन ने चौथे मिनट में गोल करके सिटी को शानदार शुरुआत दी। इसके बाद स्वीडन के स्ट्राइकर विक्टर ग्योकेरेस (38वें, 49वें, 80वें मिनट) की हैट्रिक की मदद से स्पोर्टिंग ने जोरदार वापसी की। टीम के लिए एक अन्य गोल मैक्सिमिलियानो अराउजो (46वें मिनट) ने किया। सिटी को वापसी का मौका मिला लेकिन हालैंड का पेनाल्टी पर लिया गया शॉट क्रॉसबार से टकरा गया। इस जीत से स्पोर्टिंग दस अंकों के साथ दूसरे नंबर पर पहुंच गया। लिवरपूल 12 अंकों के साथ शीर्ष पर है।

## अल नासर की जीत में चमके रोनाल्डो



एजेंसी | रियाद

क्रिस्टियानो रोनाल्डो के पैरों का जादू एक बार फिर चला। उन्होंने 31वें मिनट में खूबसूरत गोल किया। उनके अलावा एंडरसन तालिस्का (5वें,90 4वें मिनट) ने दो गोल दागे। इससे अल नासर ने एएफसी चैंपियंस लीग फुटबॉल के एलीट वर्ग में संयुक्त अरब अमीरात के क्लब और गत चैंपियन अल ऐन को 5-1 से पराजित किया। चार मैच में चौथी जीत से उनकी टीम 12 टीमों की तालिका में 10 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गई। अल नासर अब स्थानीय प्रतिद्वंद्वियों अल हिलाल और अल अहली से दो अंक पीछे हैं। इन दोनों ने अभी तक अपने चारों मैच जीते हैं। एंडरसन ने खेल शुरू होने के पांच मिनट बाद ही अल नासर की तरफ से पहला गोल किया।

## किरण जॉर्ज कोरिया मास्टर्स के दूसरे दौर में



एजेंसी | इसकान सिटी

भारत के किरण जॉर्ज पिछड़ने के बाद कोरिया मास्टर्स बैडमिंटन के दूसरे दौर में पहुंच गए हैं। उन्होंने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में वियतनाम के कुआन लिन कुओ को तीन गेम में हरा दिया। 24 साल के किरण ने इस बीडब्ल्यूएफ सुपर 300 टूर्नामेंट के पहले दौर में वियतनाम के खिलाड़ी पर 15-21, 21-12, 21-15 से जीत दर्ज की। टूर्नामेंट में एकमात्र भारतीय और दुनिया के 44वें नंबर के किरण दूसरे दौर में चीनी ताइपे के तीसरे वरीय ची यू जेन से भिड़ेंगे।

## जलज का अनोखा डबल

- 400 विकेट और छह हजार रन रणजी में बनाने वाले पहले क्रिकेटर बने



एजेंसी | थुबा

केरल के 37 वर्षीय स्पिनर जलज सक्सेना रणजी ट्रॉफी के इतिहास में 400 विकेट और 6000 रन बनाने वाले पहले क्रिकेटर बन गए। उन्होंने बुधवार को उत्तर प्रदेश बल्लेबाज नीतिश राणा (25) को आउट कर यह उपलब्धि हासिल की। उन्होंने पिछले हफ्ते छह हजार रन पूरे किए थे। वह रणजी में चार सौ विकेट पूरे करने वाले 13वें खिलाड़ी हैं। उन्होंने पहले दिन मैच में 56 रन देकर पांच विकेट चटकाए। करियर में 29वीं बार जलज ने पांच विकेट झटके। उनकी फिरकी के चलते उत्तर प्रदेश की टीम 60.2 ओवर में मात्र 162 रन पर लुढ़क गई। यूपी के लिए दसवें नंबर के बल्लेबाज शिवम मावी ने सर्वाधिक 30 रन बनाए। जवाब में पहले दिन का खेल खत्म होने तक केरल ने दो विकेट पर 82 रन बना लिए थे। स्टंप के समय बाबा अपराजित 21 और आदित्य सरवटे चार रन बनाकर क्रीज पर थे। टीम यूपी से 80 रन पीछे हैं।

## यश, विशाक और रमनदीप को मिले मौका : कुंबले

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

पूर्व कप्तान अनिल कुंबले का मानना है कि यश दयाल, विशाक विजयकुमार और रमनदीप सिंह को घरेलू क्रिकेट में उनके शानदार रिकॉर्ड को देखते हुए भारतीय टी-20 टीम के दक्षिण अफ्रीका दौरे में पदार्पण का मौका मिलना चाहिए। सूर्यकुमार यादव की अगुआई वाली



भारतीय टीम डरबन में शुक्रवार से शुरू होने वाली पांच मैच की सीरीज में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। पूर्व दिग्गज बल्लेबाज वीवीएस लक्ष्मण इस टीम के कोच हैं। कुंबले ने कहा, मुझे उम्मीद है कि इन तीनों खिलाड़ियों को भारतीय टीम की तरफ से खेलने का मौका मिलेगा क्योंकि उन्होंने घरेलू स्तर पर वास्तव में अच्छा प्रदर्शन किया है। यश जिन पर रिंकू ने लगातार पांच छक्के लगाए थे, उन्होंने क्या शानदार वापसी की।

## मुंबई के मैदानों से

### कर्ष कोठारी द्वारा घातक गेंदबाजी

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

दोनों पारियों में कुल मिलाकर 11 विकेट झटकने वाले कर्ष कोठारी की घातक गेंदबाजी की बदौलत डा. डी वाय पाटिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम ने एमसीए डा. एच डी कांगा क्रिकेट लीग ए डिवीजन के मैच में परेल स्पोर्ट्स क्लब को सीधे तौर पर हराया और पूरा अंक हासिल किया। पहले बल्लेबाजी करते हुए डी वाय पाटिल स्पोर्ट्स एसोसिएशन की टीम ने पांच विकेट पर 179 रनों का स्कोर खड़ा किया। परेल स्पोर्ट्स क्लब की टीम को कर्ष कोठारी ने पहली पारी में 23 रन देकर पांच झटक लिए और 57 रनों से आगे बढ़ने नहीं दिया, दूसरी पारी भी परेल स्पोर्ट्स क्लब अच्छी नहीं रही और 78 रनों पर लुढ़क गई, जिसमें कर्ष कोठारी ने 22 रन खर्च करके छह खिलाड़ियों को अपनी गेंद का शिकार बनाया।

### मुंबई स्पोर्ट्स द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान

डीबीडी संवाददाता | मुंबई

मुंबई महानगर में खेलों का हमेशा प्रोत्साहन देने को आतुर मुंबई स्पोर्ट्स ने विभिन्न खेलों से जुड़े खिलाड़ियों को सम्मानित किया है। मुंबई स्पोर्ट्स द्वारा दिया चितळे (टेबल टेनिस) और चिराग शेट्टी (बैडमिंटन) इन दो खिलाड़ियों को क्रमशः लड़कियों और लड़कों के वर्ग में 'स्पोर्ट्सपर्सन्स ऑफ द ईयर' का पुरस्कार प्रदान किया गया। इन दोनों को सम्मान प्रतीक के साथ-साथ एक-एक लाख रुपये नकद दिये गए। इन दोनों के अलावा अपेक्षा फर्नान्डिंस (तैराकी), निशिका काळे (रिदमिक जिमनास्ट), ईशप्रीत सिंह चड्ढा (स्नूकर) और निखिल दुबे (मुक्केबाजी) को भी सम्मान प्रतीक प्रदान किया गया।

## हॉकी इंडिया का लेवल 'वन कोचिंग कोर्स हुआ शुरू

एजेंसी | नई दिल्ली

हॉकी इंडिया का कोचिंग एजुकेशन पाथवे लेवल 'वन कोचिंग कोर्स 2024 बुधवार को मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में शुरू हो गया। इसमें 96 भारतीय कोच अपने कौशल को बढ़ाने के साथ नवीनतम कोचिंग तकनीकों के बारे में जान सकेंगे। उम्मीदवारों को 24 के चार ग्रुप में विभाजित किया गया है। इसमें अंतिम बैच का कोर्स 14 नवंबर



को समाप्त होगा। हॉकी इंडिया के शिक्षक बीजे करिअप्पा, विक्रम कांत और एडगर मैस्कारेनहास नौ दिवसीय कार्यक्रम के जरिए उम्मीदवारों का मार्गदर्शन करेंगे।

## टेस्ट रैंकिंग: पंत पांच पायदान की छलांग से छठे स्थान पर पहुंचे

एजेंसी | दुबई

भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत पिछले हफ्ते मुंबई में न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट में प्रदर्शन के बूते बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में पांच पायदान के फायदे से छठे स्थान पर पहुंच गए।

पंत ने मुंबई टेस्ट में दो अर्धशतकीय



पारियों सहित कुल तीन पचासे जड़े, हालांकि भारत तीसरे और अंतिम टेस्ट में हार से सीरीज 0-3 से गंवा बैठा। इस प्रदर्शन से पंत को रैंकिंग में फायदा हुआ जो संकेत है कि वह गंभीर कार दुर्घटना के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में वापसी कर चुके हैं। अब यह बाएं हाथ का बल्लेबाज जुलाई 2022 में रैंकिंग में हासिल किए गए अपने करियर के सर्वश्रेष्ठ पांचवें स्थान से महज एक कदम पीछे है।

# राजकुमार हिरानी की फिल्म के हीरो बने विक्की कौशल

जाने-माने निर्देशक राजकुमार हिरानी ने एक बार फिर दिग्गज अभिनेता विक्की कौशल के साथ हाथ मिलाया है। यह दोनों के बीच तीसरा सहयोग होने वाला है। इससे पहले विक्की और राजकुमार 'डंकी' और 'संजू' जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। राजकुमार ने अपनी आगामी फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के लिए विक्की से संपर्क किया है और उन्होंने इसके लिए हामी भर दी है। राजकुमार की इस फिल्म में विक्की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।

### जल्द शुरू होगी फिल्म की शूटिंग

एक रिपोर्ट के अनुसार, विक्की तीसरी बार राजकुमार के साथ काम करने वाले हैं। राजकुमार और विक्की जल्द इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर देंगे। खास बात यह है कि यह पहला मौका होने वाला है, जब राजकुमार की फिल्म में विक्की मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस खबर का आधिकारिक ऐलान जल्द किया जाएगा। बता दें जहां 'संजू' में रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में नजर आए थे, वहीं 'डंकी' में शाहरुख खान लीड रोल में थे।

### ये हैं विक्की की आगामी फिल्में

काम के मोर्चे पर बात करें तो विक्की इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'छावा' को लेकर चर्चा में हैं। इसमें विक्की की जोड़ी पहली बार रश्मिका मंदाना के साथ है। यह फिल्म 6 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हो सकती है। इसके अलावा विक्की के पास संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' भी है। इसमें आलिया भट्ट और रणबीर कपूर मुख्य भूमिका में दिखाई देंगे। विक्की ने इस फिल्म की शूटिंग शुरू कर दी है।

### विक्की कौशल की 'छावा' की रिलीज टली

पिछले लंबे समय से विक्की कौशल अपनी फिल्म 'छावा' को लेकर सुर्खियां बटोर रहे हैं, जिसके निर्देशन की कमान लक्ष्मण उतेकर ने संभाली है। इस फिल्म में विक्की की जोड़ी पहली बार अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह फिल्म 6 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब खबर आ रही है कि निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज टाल दी है।

### सामने आई ये जानकारी

एक रिपोर्ट के मुताबिक, 'छावा' अब अगले साल की शुरुआत में सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिल्म की नई रिलीज तारीख का ऐलान जल्द किया जाएगा। ऐसा कहा जा रहा है कि निर्माताओं ने अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2' के साथ टकराव से बचने के लिए यह फैसला लिया है। यह फिल्म 5 दिसंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म में भी रश्मिका मंदाना मुख्य भूमिका में हैं। 'छावा' में विक्की महान मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे छत्रपति संभाजी महाराज का किरदार निभा रहे हैं। इस फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी अहम भूमिका में नजर आएंगे।



# 'आजाद' से राशा थडानी की पहली झलक आई सामने

अभिनेत्री रवीना टंडन की बेटी राशा थडानी अभिनय की दुनिया में कदम रखने जा रहे हैं। पिछले कुछ समय से वह अपनी पहली फिल्म 'आजाद' को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस फिल्म में राशा की जोड़ी अजय देवगन के भांजे अमन देवगन के साथ बनी है। अब 'आजाद' से राशा की पहली झलक सामने आ चुकी है। सामने आए पोस्टर में वह अमन के साथ नजर आ रही हैं। दोनों की केमिस्ट्री को प्रशंसक खूब पसंद कर रहे हैं। राशा और अमन के अलावा फिल्म 'आजाद' में अजय देवगन भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म अगले साल जनवरी में सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। रोनी स्क्रूवाला इस फिल्म के निर्माता हैं। फिल्म के निर्देशन की कमान अभिषेक कपूर ने संभाली है।



# 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो जारी

अभिनेता और कॉमेडियन कपिल शर्मा के कॉमेडी शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन को भी दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। इस सीजन के अब तक 7 एपिसोड प्रसारित हो चुके हैं, जिन्हें आप OTT प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। अब 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' का नया प्रोमो वीडियो सामने आ गया है। शो के आठवें एपिसोड में जाने-माने बिजनेस आइकॉन नारायण मूर्ति, सुधा मूर्ति, दीपिंदर गोयल और जिया गोयल नजर



आने वाले हैं। नेटफ्लिक्स इंडिया ने 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो 2' का नया प्रोमो साझा करते हुए लिखा, 'इस फनीवार बिजनेस आइकॉन को उनके अलग अवतार में देखने के लिए तैयार हो जाइए।' इस एपिसोड को आप 9 नवंबर, 2024 को रात 8 बजे नेटफ्लिक्स पर देख सकते हैं। बता दें नारायण इंफोसिस के 7 सह-संस्थापकों में से एक हैं। उनकी पत्नी सुधा भी इस शो में आएंगी। उधर, जोमैटो के CEO भी अपनी पत्नी जिया के साथ शो में दिखाई देंगे।



# सरगुन मेहता और रवि दुबे ने लॉन्च किया अपना पारिवारिक मनोरंजन प्लेटफॉर्म

अभिनेता रवि दुबे और अभिनेत्री सरगुन मेहता की जोड़ी छोटे पर्दे की सबसे चर्चित जोड़ियों में से एक है। सोशल मीडिया पर अक्सर दोनों साथ में तस्वीरें साझा करते रहते हैं। प्रशंसक सरगुन और रवि को साथ में देखना भी काफी पसंद करते हैं। अब सरगुन और रवि ने अपना खुद का पारिवारिक मनोरंजन प्लेटफॉर्म लॉन्च किया है, जिसका नाम 'ड्रीमियाता ड्रामा' रखा गया है। दोनों ने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो साझा कर इस खबर का ऐलान किया है।



### हमारा सपना अब आपका है- सरगुन

सरगुन और रवि ने वीडियो साझा करते हुए इसके कैप्शन में लिखा, 'हमारा सपना अब आपका है। आपके पूरे परिवार के लिए एक नया मनोरंजन प्लेटफॉर्म ड्रीमियाता ड्रामा... जल्द ही आ रहा है। अधिक जानकारी के लिए बने रहें।' सरगुन और रवि ने साथ में टीवी शो 'उडारियां' का निर्माण भी किया है, जो बहुत लोकप्रिय हुआ। बता दें सरगुन और रवि ने 2013 में शादी रचाई थी। दोनों की पहली मुलाकात '12/24 करोल बाग' के सेट पर हुई थी।






# 6 दिन, 12 रैलियां

## मराठवाड़ा से विदर्भ तक, महायुति को गति देने के लिए PM मोदी करेंगे धुआंधार प्रचार



महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में नामांकन वापसी की समय सीमा खत्म हो गई है और अब सभी 288 सीटों पर 20 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। अब चुनाव प्रचार अपने अंतिम चरण की ओर बढ़ रहा है और सत्ता में एक बार फिर वापसी के लिए भारतीय जनता पार्टी (BJP) ने कमर कस ली है। भाजपा 8 से 14 नवंबर तक राज्य भर में रैलियों के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रचार अभियान की तैयारी कर रही है। पार्टी को उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी महायुति सत्तारूढ़ गठबंधन को करीबी और बहुकोणीय मुकाबले में बढ़त दिलाएंगे। राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पीएम मोदी निस्संदेह स्टार प्रचारक होंगे। वह 8 से 14 नवंबर के बीच पूरे महाराष्ट्र में रैलियों को संबोधित करेंगे।



रणनीति
रजत सिंह तोमर
लेखक, बीजेपी से जुड़े हुए हैं

### लोकसभा चुनाव में नहीं मिला था पीएम मोदी की रैली का फायदा

रिपोर्ट के अनुसार, लोकसभा चुनाव के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महाराष्ट्र के 18 निर्वाचन क्षेत्रों में प्रमुख रैलियों को संबोधित किया, जिसमें पुणे, नासिक, नांदेड़, चंद्रपुर, रामटेक, वर्धा, परभणी, कोल्हापुर, सोलापुर, सतारा, माधा, धाराशिव, लातूर, अहमदनगर, बीड, नंदुरबार, कल्याण और डिंडोरी शामिल थे। इन 18 सीटों में से भाजपा ने केवल सतारा में जीत हासिल की, जबकि सहयोगी शिवसेना ने कल्याण पर कब्जा किया। संविधान और आरक्षण को लेकर विपक्ष के अभियान से भाजपा को नुकसान हुआ, जिसकी वह से बीजेपी की कुल संख्या 23 से घटकर 9 रह गई। जबकि, महायुति को कुल मिलाकर केवल 17 सीटें मिलीं।


### धुले-नासिक में बीजेपी की पकड़

पहले दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैलियां उत्तर महाराष्ट्र के धुले और नासिक में होंगी। यह वह क्षेत्र है, जहां आरएसएस का व्यापक नेटवर्क है और जहां पिछली बार भाजपा 13 सीटें जीतकर बढ़त बनाने में सफल रही थी। इसके बाद बीजेपी की सहयोगी अविभाजित शिवसेना ने छह सीटें जीती थी। कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) गठबंधन ने 12 निर्वाचन क्षेत्रों में जीत हासिल की थी। बाकी सीटें एआईएमआईएम सहित अन्य के खाते में गई थीं। हालांकि, किसानों में असंतोष और मुसलमानों-मराठों के भाजपा के खिलाफ एकजुट होने से लोकसभा चुनावों में महायुति को नुकसान पहुंचा। धुले में पूर्व केंद्रीय मंत्री सुभाष भामरे कांग्रेस की शोभा बच्छव से हार गए, हालांकि उन्होंने छह विधानसभा क्षेत्रों में से पांच में बढ़त हासिल की, जबकि मालेगांव सेंट्रल में वे पिछड़ गए, जहां मुस्लिम मतदाताओं की संख्या बहुत अधिक है। नासिक में पीएम मोदी प्याज के किसानों से संपर्क करेंगे, जो प्याज के निर्यात प्रतिबंध और निर्यात शुल्क में कटौती से नाराज थे। संसदीय चुनावों से पहले केंद्र ने निर्यात प्रतिबंध हटा दिया था।

### पीएम मोदी की 6 दिनों में 12 रैलियां

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी महाराष्ट्र में 8 से 14 नवंबर के बीच करीब 12 रैलियों को संबोधित कर सकते हैं। महाराष्ट्र भाजपा प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि पीएम मोदी के 8 नवंबर को धुले और नासिक, 9 नवंबर को अकोला और नांदेड़, 12 नवंबर को चंद्रपुर, चिमूर, सोलापुर व पुणे और 14 नवंबर को संभाजीनगर, नवी मुंबई और मुंबई में चुनावी सभाओं को संबोधित करने की उम्मीद है। पीएम मोदी धुले, नासिक, अकोला, नांदेड़, चंद्रपुर, चिमूर, सोलापुर, पुणे, छत्रपति संभाजीनगर (पूर्व में औरंगाबाद), नवी मुंबई और मुंबई में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। भाजपा के चुनाव प्रबंधकों के अनुसार, एक या दो और रैलियां बाद में तय की जाएंगी।






### विदर्भ के लिए बीजेपी का प्लान?

कार्यक्रम के अनुसार, पीएम मोदी 62 सीटों वाले विदर्भ में तीन सार्वजनिक रैलियों को संबोधित करेंगे। राज्य भर में भाजपा और कांग्रेस के 76 सीधे मुकाबले में से 36 इस क्षेत्र में होने वाले हैं, जहां कपास बेल्ट के लिए लड़ाई यह निर्धारित करेगी कि कौन जीतेगा और संभवतः राज्य में सरकार बनाएगा। पीएम मोदी पूर्वी विदर्भ के चिमुर और चंद्रपुर और पश्चिमी विदर्भ के अकोला में कपास, सोयाबीन और धान के किसानों को संबोधित करते हुए रैलियों को संबोधित करेंगे। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इन रैलियों में इस क्षेत्र में कृषि संकट के बारे में चिंताओं को संबोधित करेंगे।

### दांव पर लगी इन बड़े नेताओं की किस्मत?

इस क्षेत्र में हाई-प्रोफाइल उम्मीदवारों में उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस शामिल हैं, जो नागपुर दक्षिण पश्चिम से छठी बार जीत की कोशिश करेंगे। राज्य भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले कांपती से और वरिष्ठ मंत्री सुधीर मुनगंटीवार बल्लारपुर से चुनावी मैदान में हैं।

### बीजेपी के लिए मराठवाड़ा एक बड़ा चैलेंज

सूखाग्रस्त मराठवाड़ा क्षेत्र, जिसमें 46 निर्वाचन क्षेत्र हैं, यहां प्रधानमंत्री की दो रैलियां होंगी। एक नांदेड़ में और दूसरी छत्रपति संभज नगर में। मराठा यहां के नतीजे तय करेंगे और मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल के यहां उम्मीदवारों का समर्थन करने के अपने फैसले से पीछे हटने के बाद यह एक खुला सवाल है कि इसका लाभ किसे मिलेगा। एक भाजपा नेता ने कहा, 'हम पिछले चुनाव (46 में से 16) की अपनी संख्या बरकरार रखते हैं, यह एक बड़ी सफलता होगी। यह एक कठिन मुकाबला है।'

### एनसीपी-कांग्रेस के गढ़ को तोड़ने का लक्ष्य

पीएम पश्चिमी महाराष्ट्र में भी जाएंगे, पुणे और सोलापुर में जनसभाओं को संबोधित करेंगे। 72 सीटों वाला यह क्षेत्र दशकों से एनसीपी-कांग्रेस का गढ़ रहा है और यहां भाजपा नुकसान को सीमित करने की कोशिश करेगी। वह मोदी फैक्टर का उपयोग करके स्थानीय स्तर पर संगठनात्मक मतभेदों को दबाने का प्रयास करेगी और विपक्ष को प्रभावित करने के लिए कोल्हापुर जैसे स्थानों पर कांग्रेस की अंदरूनी कलह का लाभ उठाएगी।

### मुंबई-नवी मुंबई के लिए बीजेपी का प्लान

मुंबई और नवी मुंबई में प्रधानमंत्री मोदी से महायुति के व्यापक आर्थिक संदेश पर ध्यान केंद्रित करने और राज्य और केंद्र दोनों सरकारों द्वारा राज्य में लाए गए बुनियादी ढांचे के विकास के बारे में बात करने की उम्मीद है। उनसे विपक्ष के इस अभियान का भी जवाब देने की उम्मीद है कि महाराष्ट्र और मुंबई को कमजोर किया जा रहा है, क्योंकि राज्य वेदांता फॉक्सकॉन और टाटा एयरबस से गुजरात के लिए बड़ी परियोजनाओं को खो रहा है। राज्य में भाजपा के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, 'जब प्रधानमंत्री कोई रैली करते हैं तो उसका संदेश पूरे क्षेत्र में जाता है और सभी निर्वाचन क्षेत्रों को कवर करता है। यह व्यापक दर्शकों और वोट बैंक को आकर्षित करता है।'

**वीआईआईपी सीट ग्राउंड रिपोर्ट**

# 8वीं बार जीतने के लिए जोर लगाएंगे पाटिल



ग्राउंड रिपोर्ट
अमित बृज

महाराष्ट्र विधानसभा को लेकर सभी पार्टियों की चुनावी तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।। सारी सीटों पर उम्मीदवार घोषित किया जा रहे हैं और हर सीट पर दावेदार अपनी दावेदारी पेश करके जीत का दावा कर रहा है। महाराष्ट्र की विधानसभा सीटें ऐसी हैं, जहां पर लंबे समय से उम्मीदवार जीते चले आ रहे हैं। उन्होंने जीत के लिए न सिर्फ अपनी पार्टी बदली बल्कि अपनी जीत कायम रखने के लिए हर तरह के हथकंडे भी अपनाए। शिरडी महाराष्ट्र के 288 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों में से एक है। यह सीट शिरडी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत आती है। यहां से राधाकृष्ण विखे पाटिल 7 बार जीत हासिल करके अपराजित विधायक के तौर पर अपनी राजनीतिक




### शिरडी विधानसभा सीट का इतिहास

इस विधानसभा सीट पर कांग्रेस पार्टी, शिवसेना और भारतीय जनता पार्टी के साथ-साथ एक दो बार निर्दलीय विधायकों का भी कब्जा रहा है। शिरडी विधानसभा सीट 1956 में अस्तित्व में आई, जहां पर कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में बैजराव तात्या कोते ने जीत हासिल की। उसके बाद 1962 में कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में करभारी भीमाजी रोहामारे ने जीत हासिल की। 1967 के चुनाव में यह सीट कांग्रेस पार्टी के हाथ से यह सीट निकल गई और निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में एम ए। गाडे बाजी मारी। उसके बाद 1972 में निर्दलीय उम्मीदवार शंकरराव गेनुजी कोल्हे ने चुनाव जीता। इसके बाद लगातार दो झटके के बाद कांग्रेस पार्टी ने अपने उम्मीदवार पर जोर लगाया और 1976 से लेकर 1995 तक इस सीट को अपने कब्जे में ही रखा। कांग्रेस पार्टी के कब्जे में लंबे समय तक रहने वाली सीट पर कांग्रेस के उम्मीदवार तो बदलते रहे लेकिन जीत कांग्रेस को ही मिलती रही। 1976 में चंद्रभान भाऊसाहेब घोगरे कांग्रेस के टिकट पर जीते। फिर 1980, 1985 और 1990 में अन्नासाहेब म्हस्के ने बाजी मारकर हैट्रिक पूरी की। 1995 में राधाकृष्ण विखे-पाटिल को टिकट मिल तो वह कांग्रेस के टिकट पर विधायक बने।

### कई पार्टियों से जीतते रहे विखे-पाटिल

1995 से लेकर 2019 तक के रिकॉर्ड को देखा जाए तो यहां पर राधाकृष्ण विखे-पाटिल का कब्जा है। कांग्रेस पार्टी से अपनी राजनीति शुरू करने वाले राधाकृष्ण विखे-पाटिल दल बदलते रहे, लेकिन अपनी सीट पर कब्जा बरकरार रखा। 1995 में उन्होंने कांग्रेस पार्टी के टिकट पर पहली बार जीत हासिल की। फिर वह 1999 में शिवसेना के उम्मीदवार के रूप में चुनाव जीतने में सफल रहे। इसके बाद एक बार फिर उन्होंने पलटी मारी और उन्होंने कांग्रेस पार्टी ज्वाइन की। इसके बाद कांग्रेस के टिकट पर 2004, 2009 और 2014 में विधायक बने। 2014 का चुनाव कांग्रेस पार्टी के टिकट पर जीता था लेकिन एक बार फिर उन्होंने करवट बदली और 2019 में भारतीय जनता पार्टी ज्वाइन कर ली। अब वह भारतीय जनता पार्टी के टिकट पर चुनाव मैदान में दूसरी बार उतरने वाले हैं।

### राधाकृष्ण विखे-पाटिल की राजनीति

राधाकृष्ण विखे पाटिल महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी विधानसभा क्षेत्र से विधायक के रूप में अपने लगातार 7 बार विधायक बनने का रिकॉर्ड बना चुके हैं। वह वर्तमान में महाराष्ट्र सरकार में राजस्व मंत्री हैं और 9 अगस्त 2022 को हुए मंत्रिमंडल विस्तार में एकनाथ शिंदे और देवेंद्र फड़नवीस के बाद एकनाथ शिंदे मंत्रालय विस्तार में शपथ लेने वाले पहले मंत्री थे। राधाकृष्ण विखे पाटिल 1995 से महाराष्ट्र विधानसभा के सदस्य हैं। वे 2014 में 1,21,459 वोटों से और फिर 2019 के चुनाव में रिकॉर्ड तोड़ 1,32,316 वोटों के साथ चुने गए थे।

### 2024 के समीकरण

राधाकृष्ण विखे-पाटिल महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले के शिरडी से 7 बार के अपराजित विधायक तौर पर देखे जाते हैं। उन्होंने 1995 से 6 अलग-अलग मुख्यमंत्रियों के अधीन काम किया है और अपने करियर में 12 अलग-अलग विभागों को संभाला है। इस दौरान उन्होंने तीन पार्टियों के टिकट पर चुनाव लड़ा है और जीत हासिल की है।

**सीट वॉर**

# दो 'चंद्रकांत' के बीच कड़ी टक्कर, मनसे ने दिलचस्प किया मुकाबला



रणनीति
धीरज सिंह




महाराष्ट्र चुनाव के मद्देनजर सभी राजनीतिक पार्टियां पूरे जोर-शोर से चुनाव की तैयारी में जुटी हैं। इसी क्रम में पुणे जिले के कोथरुड विधानसभा सीट पर भी चुनाव प्रचार जोरों पर है। बता दें कि इस सीट के लिए नामांकन की लास्ट डेट 29 अक्तूबर थी। राज्य की सभी 288 विधानसभा सीटों पर 20 नवंबर को मतदान होगा और 23 नवंबर को चुनावी परिणाम की घोषणा की जाएगी। कोथरुड सीट पुणे लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आती है। पुणे से भाजपा के नेता मुरलीधर सांसद हैं। शिवाजी नगर निर्वाचन क्षेत्र के विभाजन और भवानी पेठ निर्वाचन क्षेत्र के विघटन के बाद कोथरुड सीट बनाई गई। इस क्षेत्र को शिवसेना का गढ़ माना जाता है।

### चुनावी इतिहास

वर्तमान समय में इस सीट से भारतीय जनता पार्टी के सीनियर नेता चंद्रकांत पाटिल विधायक हैं। साल 2019 के चुनाव में उन्होंने MNS के किशोर शिंदे को शिकस्त की थी। वहीं साल 2014 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की मेधा कुलकर्णी ने इस सीट से जीत हासिल की थी। साल 2004, 2009 और 2014 में कोथरुड सीट से शिवसेना उम्मीदवार ने जीत हासिल की। साल 1995 और 1990 में यह सीट कांग्रेस के हिस्से में रही। इसके बाद कोथरुड सीट पर कांग्रेस अभी तक जीत नहीं हासिल कर सकी है।



### इनमें होगी टक्कर

कोथरुड सीट से भारतीय जनता पार्टी ने एक बार फिर चंद्रकांत पाटिल पर भरोसा जताया है। जबकि शिवसेना (यूबीटी) ने चंद्रकांत मोकाटे को अपना प्रत्याशी बनाया है। वहीं MNS ने इस सीट से किशोर शिंदे को टिकट दिया है। शिवसेना (यूबीटी) के उम्मीदवार चंद्रकांत मोकाटे 2009 में विधानसभाओं के परिसीमन के बाद कोथरुड सीट से पहले विधायक थे। साल 2019 में मौजूदा विधायक चंद्रकांत पाटिल महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के किशोर शिंदे को 20,000 से ज्यादा वोटों के अंतर से हराया था। वहीं इस बार कोथरुड सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल रहा है।

### क्या कहते हैं कोथरूड के जातीय आंकड़े?

सामान्य श्रेणी के तहत आने वाली कोथरुड सीट पर 2019 के आंकड़ों के मुताबिक 3 लाख 90 हजार 458 वोटर्स हैं। इस सीट पर एससी-एसटी वोटरों का महत्वपूर्ण रोल रहता है। यहां एससी-एसटी वोटर 37 हजार के करीब हैं। वहीं इस सीट पर मुस्लिम की संख्या की 9 हजार के करीब है। वह इस समय वर्तमान मंत्री के पद पर भी आसीन है। बीजेपी ने उनपर एक बार और भरोसा जताया है। अब देखना होगा कि चंद्रकांत पाटिल एक बार फिर से विजयी होते है या विपक्ष कोई चाल चलने में कामयाब हो पाता है।

| वर्ष | विधायक | पार्टी |
|---|---|---|
| 2019 | चंद्रकांत (दादा) बच्चू पाटिल | भारतीय जनता पार्टी |
| 2014 | मेधा विश्राम कुलकर्णी | भारतीय जनता पार्टी |
| 2009 | चंद्रकांत बलभीम मोकाते | शिव सेना |

# महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में दिखा राज ठाकरे का हिंदुत्व अवतार

## उद्धव और शरद पवार पर बोला हमला

**डीबीडी संवाददाता | मुंबई**

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) प्रमुख राज ठाकरे का हिंदुत्व अवतार दिख रहा है। राज ठाकरे ने अमरावती की प्रचार सभा में उद्धव ठाकरे और शरद पवार पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने शरद पवार को महाराष्ट्र में जातिवाद फैलाने वाला संत बताया तो उद्धव को स्वार्थी बताया है। उन्होंने कहा कि हिंदू बिखरे हैं, सिर्फ दंगे के समय साथ आते हैं और मुस्लिम महाविकास अघाड़ी को वोट देने के लिए मस्जिदों से फतवे निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा में आपने



देखा होगा कि हिंदुओं के वोट बिखर जाते हैं, क्योंकि हम सिर्फ दंगे के समय हिंदू होंते हैं ये सड़क पर नमाज पढ़ते हैं। सबका धर्म अपने घर में है, तो सड़क पर नमाज क्यों पढ़ी जाती है?

### राज ठाकरे ने उद्धव पर बोला हमला

उन्होंने कहा कि उद्धव ने बाला साहेब ठाकरे साहब के नाम के आगे से हिंदू हृदय सम्राट ही निकाल दिया। ये स्वार्थ के नाते किया, क्योंकि उनकी मजबूरी है। उनके साथ कांग्रेस और शरद पवार की एनसीपी है वो बालासाहेब को हिंदू हृदय सम्राट बोलेंगे तो ठीक नहीं लगेगा। उन्होंने कहा कि नवनीत राणा लोकसभा हार गई तो मुस्लिम सड़क पर आ गए क्यों? इसके पहले भी अमरावती में दंगे हुए है। एकबार सत्ता दो, इन सबको मै ठीक कर दूंगा। हिंदुत्व का माहौल खराब और कम करने के लिए हिंदुओं को जाति-जाति में बांट दिया, क्योंकि महाराष्ट्र में एक संत काम कर रहे हैं, उनका नाम है, संत शरद चंद्र पवार।